# 168 के मूल्य और अपेक्षाएं



अखंडता

प्रतिबध्धता

जिम्मेदार उद्यमिता

नैतिक साहस

RPM

168168168168168

2018 पुनरावलोकन




फ्रेंक सी. सुलिवान (Frank C. Sullivan), RPM के संस्थापक, 1947

RPM

प्रिय साथी कर्मचारी:

RPM ऑपरेटिंग कंपनियों को उनकी व्यक्तिगत ब्रांड, संस्कृति और बाजार के तहत पहचान करने और संचालित करने की अनुमति देकर अपने उद्यमी फिलोसोफी को अंकित करता है। यह उद्यमी भावना सात दशकों से अधिक समय तक RPM के अद्वितीय विकास के लिए प्रेरक बल दे रही है और यह भविष्य में RPM के प्रदर्शन को जारी रखेगी। हमारे प्रतिस्पर्धियों से RPM को जो अलग करता है वह मूल्य है जो हम एक दूसरे से प्राप्त करते हैं, जो हमारे व्यक्तिगत भागों के योग की तुलना में हमें सामूहिक रूप से मजबूत होने की अनुमति देता है।

कई कंपनियां अपने ग्राहकों का समर्थन करके, सहयोगियों के लिए विश्वास और सम्मान का वातावरण सर्जित कर के अथवा शेयरधारकों के लिए प्रेरक मूल्य उत्पन्न कर के एक बात पर अच्छा होने का दावा कर सकती हैं, चाहे वह अधिग्रहण में ही क्यों न हों। आपके समर्पण और प्रतिबद्धता के माध्यम से, RPM सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर के उद्योग में अद्वितीय हो गया है। असल में, हम गर्व से ऐसे उद्यमी बनने की इच्छा रखते हैं जो सभी के लिए मूल्य बनाते हैं। उस मानक और ताकत को बनाए रखने के लिए, सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशकों और तीसरे पक्ष जो RPM की तरफ से कार्य करते है उनको the Value of 168 को अपनाना आवश्यक हैं, और जीवन के उपहार का और हमेशा सही काम सही वक्त पर सही अंदाज़ से सही कारणों के लिए करने के लिए दिए गए सीमित वक्त का उपयोग करना जारी रखना चाहिए।

168 के मूल्य और अपेक्षाएं जीते-जागते सिद्धांत हैं जो यह पहचान करते हैं कि हम कौन हैं, हम खुद से और हमसे जुड़े लोगों से क्या चाहते है और दूसरे लोग हमसे क्या अपेक्षा रख सकते हैं। जैसा कि हम सभी पहलों के साथ करते हैं, RPM को लगातार उन तरीकों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए जिनके ज़रिए हम अपने कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं को बताते हैं। 168 गाइडबुक के मूल्यों और अपेक्षाओं का यह पुनरावर्तन हमारे मूल सिद्धांतों पर फिर से जोर देता है और आपके लिए एक साधन के रूप में कार्य करता रहता है क्योंकि हम सभी RPM के उच्च मानकों का सभी के लिए मूल्य बनाए रखने की दिशा में काम करते हैं।

मुझे आप में से प्रत्येक के साथ काम करने पर गर्व है, RPM के महान उद्यमियों का नेतृत्व करने के विशेषाधिकार से नम्र रूप से शुक्रगुज़ार हूं, और मैं RPM की निरंतर वृद्धि और सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर दिन प्रतिबद्धता, समय और प्रतिभा के लिए आपको धन्यवाद देता हूं।




आपका अपना,

**फ्रेंक सी. सुलिवान**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
RPM International Inc.




# 168 के मूल्य और अपेक्षाएं




2 प्रस्तावना पत्र

4 THE VALUE OF 168® और हमारे मूलभूत सिद्धांत

8 सत्यनिष्ठा और कंपनी के प्रति आपकी जिम्मेदारी

8 .......... कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करें
11 ......... हमारी कॉर्पोरेट संपति और जानकारी की रक्षा करें
12 ......... गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारियों की रक्षा करें
14 ......... हर किसी की गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी हितों की रक्षा करें

16 लोगों और समुदायों की ओर प्रतिबद्धता

16 ......... स्वास्थ्य, सुरक्षा और हमारे पर्यावरण का संरक्षण करें
17 ......... प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमापूर्ण और सम्मानपूर्ण व्यवहार करें

18 जिम्मेदार उद्यमिता

18 .........सही, संपूर्ण और पारदर्शी अभिलेख रखें
20 ........ शेयर बाज़ार संबंधी व्यापारिक निर्णय लेने के लिए केवल सार्वजनिक जानकारी का उपयोग करें
21 ......... ऐसी स्थितियों से बचें जिन्हें भ्रष्ट के रूप में देखा जा सकता हो
23 ........ यात्रा, आवास, भोजन, उपहार एवं मनोरंजन
28 ........ ऐसे ढंग से कार्य करें जो खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता हो
32 ........ प्रतिष्ठित व्यक्तियों और संस्थाओं के साथ व्यापारिक लेनदेन करें
33 ........ वैध व्यापार और सीमा पार के लेनदेन सुनिश्चित करें

34 संदिग्ध उल्लंघनों को सूचित करने और उन्हें ठीक करने की नैतिक हिम्मत

34 ........प्रतिशोध के डर के बिना सूचित करें
35 ........जांच के साथ सहयोग करें







RPM 168168168168168


RPM International Inc.
2628 Pearl Road / Medina, Ohio 44256
www.rpminc.com
1-330-273-5090

# THE Value of 168®
# और हमारे मूल सिद्धांत



168 का अर्थ एक सप्ताह में घंटों की संख्या से है, पर इससे कहीं अधिक, यह नैतिकतापूर्ण व्यापारिक आचरण की हमारी प्रतिबद्धता और हमेशा सही चीजें, सही तरीके से और सही वजहों से करने के लिए जीवन रूपी उपहार और हमें मिले सीमित समय का उपयोग करने का दृष्टांत भी है।

हमारे सभी कृत्य the Value of 168® और उसके अंतर्निहित मूलभूत सिद्धांतों के पालन में होने चाहिए।

**सत्यनिष्ठा:** पारदर्शी और ईमानदार रहें। व्यापारिक लेनदेनों में जानकारी को शुद्धता से और खुले रूप से प्रकट करें। RPM में धोखे और प्रतिशोध का कोई स्थान नहीं है और इन्हें सहन नहीं किया जाएगा।

**प्रतिबद्धता:** कानून, हमारी नीतियों और कार्यविधियों का पालन करें। हमारी कंपनी की संपत्ति, आस्तियाँ एवं हितों की रक्षा करें और सुनिश्चित करें कि हमारा ध्यान शेयरधारकों, कर्मचारियों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं और समुदायों के सामूहिक लक्ष्यों पर केंद्रित हो।

**जिम्मेदार उद्यमिता:** जिन बाज़ारों में हम सेवा देते हैं उनमें प्रतिस्पर्धा करने और जीतने के नवोन्मेषी तरीके ढूंढें। प्रतिस्पर्धा पूरी ताकत से करें, पर हमेशा उचित ढंग से, मुक्त उद्यम एवं प्रतिस्पर्धा मानकों, पर्यावरणीय एवं मानवाधिकार सिद्धांतों के अनुपालन में और हमारे आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, प्रतिस्पर्धियों तथा जिन समुदायों में हम संचालित करते हैं उनको सम्मान देते हुए करें।

**नैतिक साहस:** सही कार्य करें, तब भी जब वह कठिन हो और इस पर ध्यान न दें कि कोई आपको देख रहा है या नहीं, अथवा आपको उसका श्रेय मिलेगा या नहीं।

The Value of 168 और उसके मूलभूत सिद्धांत, समस्त निर्णयों की आधारशिला हैं। हम RPM हैं, और हमारी सफलता हम सभी के द्वारा उत्तम चयन किए जाने पर निर्भर है।

# प्र और उ

**प्र: प्रतिवर्ष, मेरे पर्यवेक्षक और अधिक ऊंचे लक्ष्य तय करते हैं और हमसे कहती हैं कि "उन्हें हासिल करने के लिए" जो भी जरूरी हो वो हम करें। मैं क्या करूं?**

**उ:** जिम्मेदार उद्यमशील नेतृत्वकर्ता होने के नाते, हम पर यह दायित्व है कि हम लगातार हमारे बाज़ारों में प्रतिस्पर्धा करने के बेहतर तरीकों की खोज करें और हमारे उत्पादों का विकास ऐसे ढंग से करें जो हमारे ग्राहकों की जरूरतों की सर्वश्रेष्ठ पूर्ति करता हो। परिणामस्वरूप, हम लगातार हमारे लक्ष्यों को बढ़ाते हैं और हमारे कर्मचारियों को उनका व्यावसायिक विकास जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं। हालाँकि, हमारे संगठनात्मक लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए हम हमारे मूल्यों से समझौता कभी नहीं करेंगे। कोई भी ऐसा निवेदन नहीं दे सकता है या ऐसा कदम नहीं उठा सकता है जो किसी कानून या हमारे मूल्यों का उल्लंघन करने का प्रयोजन रखते हों, और आपको ऐसा करने का निर्देश देने वाले किसी भी निवेदन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। हमारे मूल्य और अपेक्षाएं सर्वोपरि हैं, और परिभाषा के अनुसार, हम ऐसा कोई भी संगठनात्मक लक्ष्य या उद्देश्य प्राप्त नहीं कर सकते हैं यदि हम ऐसा करने के लिए हमारे व्यक्तिगत एवं सामूहिक नैतिक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। यदि कभी भी कोई व्यक्ति आपको हमारे मूल्यों एवं अपेक्षाओं से हटने का निर्देश देता है तो, भले ही वह कोई भी हो या बाहरी दबाव कितना भी मजबूत क्यों न मालूम पड़े, आपका यह कर्तव्य है कि आप वह अनुरोधित कार्य नहीं करेंगे और उस आचरण की सूचना देंगे।

**प्र: मैं संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर स्थित एक RPM कंपनी में कार्य करता/ती हूँ, और हमारे कानून, अमेरिकी कानूनों से अलग हैं। मैं किस कानून का पालन करूँ?**

**उ:** हमारे मूल्य और अपेक्षाएं ऐसी हैं कि उनका पालन करने पर, हम व्यापार का संचालन सारे समय और उन सभी स्थानों, जहाँ हम व्यापार करते हैं, वे ईमानदारी से, नैतिकता से और कानूनी ढंग से करेंगे। हालाँकि, ऐसी परिस्थितियाँ भी हो सकती हैं जहाँ कोई स्थिति में कौनसा कानून लागू होगा उसका चयन महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि ऐसा होता है, तो आपको वह अवश्य समझ लेना चाहिए कि सभी मामलों में संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय कानूनों को विचार में लिया जाना आवश्यक है। यह आवश्यक है क्योंकि RPM संयुक्त राज्य अमेरिका में निगमित है, और इसलिए, सभी RPM कंपनियाँ, भले ही वे कहीं भी स्थित हों, के लिए उनके प्रचालनों पर लागू होने वाले अमेरिकी कानूनों का और जिन स्थानों पर वे संचालित करती हैं, वहां के कानूनों का पालन करना आवश्यक है। बशर्ते कि कोई दो कानूनों में टकराव न हो, आपको वह कानून ही लागू करना चाहिए जो उस स्थिति में सर्वाधिक प्रतिबंधात्मक ढंग से लागू होता हो। हालाँकि यदि कोई वास्तविक टकराव है, अथवा आप को संशय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय कानून और जिस देश में आपकी कंपनी संचालित करती है वहां के कानून के बीच कोई टकराव है या नहीं तो आपको आपकी कंपनी के या RPM के कानूनी विभाग की सलाह अवश्य लेते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम वैध ढंग से उपयुक्त व्यवहार करें।


**बाहरी या व्यापारिक दबाव भले ही कितने भी मजबूत क्यों न हों, the Value of 168 और उसके सिद्धांतों से कभी विचलित न हों।**

हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं का उल्लंघन करने वाला, या हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं का उल्लंघन करने के लिए किसी कर्मचारी या प्रतिनिधि को निर्देशित करने वाला या जानते-बूझते हुए ऐसा करने की अनुमति देने वाला कोई भी कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन होगा जिसमें निष्कासन भी शामिल है।



आगामी अनुभाग ऐसी कुछ सबसे आम कानूनी और नैतिक चुनौतियों की पहचान करते हैं जिनसे आपका सामना हो सकता है। इन मुद्दों को संभालने के लिए आपको हमेशा the Value of 168 और उसके अंतर्निहित सिद्धांतों पर निर्भर करना चाहिए और किसी भी संदिग्ध उल्लंघन को सूचित करने और उसे सुधारने में मदद करने के लिए आपको नैतिक साहस को व्यवहार में लाना आवश्यक है।

## जब जटिल मुद्दे उठें, तब यह निर्णय चार्ट सही चयन तक पहुँचाने वाला रास्ता ढूंढने में आपकी मदद कर सकता है:






# सत्यनिष्ठा और कंपनी के प्रति आपकी जिम्मेदारी

## कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करें

कंपनी के प्रति यह आपका दायित्व है कि अवसर आने पर आप उसके व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाएं। इसलिए, आप के लिए ऐसे व्यवसाय अवसरों को हाथ में लेना (या किसी अन्य को निर्देशित करना) प्रतिबंधित है जो आप कॉर्पोरेट संपत्ति, जानकारी या आपके पद के उपयोग से जान पाए हों। अन्य शब्दों में, आपको व्यक्तिगत लाभ या कंपनी के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए कॉर्पोरेट संपत्ति, जानकारी या आपके पद का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है।

व्यावसायिक व्यवहार में कंपनी का प्रतिनिधित्व करते समय या कंपनी के कार्यों को प्रभावित करने वाली सिफारिशें करते समय आप पर विवादित हितों को सही ढंग से संबोधित करने का दायित्व भी है।

कुछ मामलों में, आपके वित्तीय, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत संबंध तथा लक्ष्यों और कंपनी की ओर आपकी प्रतिबद्धता के बीच टकराव हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो आपके लिए टकराव का प्रकटन करना आवश्यक है। उपयुक्त पर्यवेक्षक के समक्ष संभावित टकरावों का प्रकटन करने में विफलता, एसी स्थिती उत्पन्न कर सकती है कि आप कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य नहीं कर रहे हैं। यदि आप कंपनी की ओर से ऐसे किसी मामले में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं जिसमें आपका हितों का कोई टकराव है या ऐसा लगता है कि आपके हितों का टकराव हो सकता है तो आपको अवश्य ही उस टकराव का प्रकटन आपकी ऑपरेटिंग कंपनी के प्रथम-स्तर के कार्यकारी पर्यवेक्षक (उपाध्यक्ष, जनरल मैनेजर या अध्यक्ष), किसी RPM ऑपरेटिंग अधिकारी या RPM के कानूनी विभाग के समक्ष करना होगा।

यदि आपको यह विश्वास हो कि आप कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य कर रहे हैं तो भी प्रकटन करना आपको और कंपनी को सुरक्षा देता है। अधिकांश मामलों में, हितों का टकराव होने से या एसा लगने का अर्थ यह नहीं होगा कि आप RPM या आपकी कंपनी की ओर से लेनदेन में भाग लेने में असमर्थ हैं। उचित रूप से प्रकटन कर देने पर, ऐसे रक्षात्मक उपाय किए जा सकते हैं जिससे कि अंतिम अनुमोदन ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए जाएं जो टकराव से मुक्त हैं, इससे यह सुनिश्चित होगा कि जो भी अंतिम निर्णय लिया गया है वह कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में है। इससे आपको भी ऐसे संभावित दोषारोपणों से सुरक्षा मिलती है कि निर्णय आपके व्यक्तिगत लाभ मात्र के लिए लिया गया था।




**यदि आपके हितों का कोई टकराव है या ऐसा आभास है कि आपके हितों का टकराव हो सकता है तो आपको अवश्य ही उस टकराव का प्रकटन आपकी ऑपरेटिंग कंपनी के प्रथम-स्तर के कार्यकारी पर्यवेक्षक (उपाध्यक्ष, जनरल मैनेजर या अध्यक्ष), किसी RPM ऑपरेटिंग अधिकारी या RPM के वैश्विक अनुपालन निदेशक के समक्ष करना है।**

## हित के संघर्ष के उदाहरण

**वित्तीय हित:** आप या आपका कोई निकट संबंधी RPM की किसी ऑपरेटिंग कंपनी के साथ व्यापार कर रही या उसके विरुद्ध प्रतिस्पर्धा कर रही कंपनी का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वामी है या उससे लाभान्वित होता है।

**बाहरी गतिविधियां:** आप या कोई निकट संबंधी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी ऐसी संस्था, जिससे RPM लेनदेन करती है, के निदेशक मंडल के सदस्य, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी, सलाहकार या एजेंट के रूप में कार्य करते हैं; अथवा आप ऐसे किसी स्वतंत्र व्यापारिक उद्यम में संलग्न होते हैं या ऐसे किसी व्यापार, नागरिक या परोपकारी संगठन के लिए कार्य करते हैं या सेवाएं देते हैं जो आपको कंपनी के व्यापार में पर्याप्त समय समर्पित करने से रोकता है।

**उपहार:** आप या कोई निकट संबंधी ऐसे किसी व्यक्ति या संस्था से कोई उपहार (या भविष्य में उपहार दिए जाने का वचन) स्वीकार करते हैं जो आपको मात्र कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करने से रोक सकता है।

**कंपनी के साथ लेनदेन:** आप या कोई निकट संबंधी कंपनी के साथ किसी व्यापारिक लेनदेन का मुख्य पक्ष हैं।

**एक रिश्तेदार की भर्ती:** आप आपकी कंपनी में काम करने के लिए करीबी रिश्तेदार को भर्ती करना चाहते हैं।

**आपको टकरावों का प्रकटन किसी प्रथम-स्तरीय कार्यकारी पर्यवेक्षक के समक्ष अवश्य करना चाहिए।**



# प्र और उ

### हितों का टकराव

**प्र: एक पूर्णकालिक कर्मचारी एक RPM ऑपरेटिंग कंपनी के लिए काम करता है जो वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों को फर्श का निर्माण कर देता है और बिक्री करता है। सप्ताहांत पर, कर्मचारी अपनी आय के पूरक के लिए आवासीय गेराज और बेसमेंट फर्श स्थापित करता है। कर्मचारी कंपनी द्वारा उत्पादित किसी भी उत्पाद का उपयोग नहीं करता है जब तक कि वह उनके लिए बाजार मूल्य का भुगतान नहीं करता है। क्या यह हितों का संघर्ष है जो कंपनी को सूचित करने योग्य है?**

**उ:** जब तक कर्मचारी गैर-कामकाजी घंटों के दौरान फर्श स्थापित कर रहा है, वह गैर-वाणिज्यिक स्थानों में उत्पादों को स्थापित कर रहा है जो कंपनी की मार्केटिंग और बिक्री रणनीति का हिस्सा नहीं हैं, और वह कंपनी के किसी भी उत्पादों के लिए उचित रूप से भुगतान करता है जिसका वह प्रतिष्ठानों के दौरान उपयोग कर सकता है, उसके कार्य कंपनी के कार्यों के साथ संघर्ष में नहीं हैं। हालाँकि, पारदर्शिता और खुलेपन के लिए, और अनियमितता कि किसी भी उपस्थिति को खत्म करने के लिए, कर्मचारी को इस मामले के उचित दस्तावेज सुनिश्चित करने के लिए इस गतिविधि को अपने तत्काल पर्यवेक्षक को प्रकट करना चाहिए।

**प्र: एक RPM ऑपरेटिंग कंपनी में पूर्णकालिक वरिष्ठ बिक्री कर्मचारी जो एक वितरक का 50 प्रतिशत मालिक है जो कंपनी और उसके कुछ प्रतिस्पर्धियों द्वारा उत्पादित उत्पादों को बेचता है। कर्मचारी वितरक की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में शामिल नहीं है। क्या यह हितों का संघर्ष है जो कंपनी को सूचित करने योग्य है?**

**उ:** हाँ। भले ही बिक्री कर्मचारी वितरक की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में शामिल नहीं है, फिर भी कर्मचारी को रोजगार के सामान्य दायरे के बाहर कंपनी उत्पादों की बिक्री के साथ-साथ प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों की बिक्री से आर्थिक रूप से लाभ मिलता है। चूंकि कर्मचारी प्रतियोगियों के उत्पादों की बिक्री से प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ प्राप्त कर रहा है, इसलिए कंपनी इस संघर्ष को दूर करने में असमर्थ होगी।

कर्मचारी को तुरंत अपने पर्यवेक्षकों को हित के इस संघर्ष का खुलासा करना चाहिए। यह उदाहरण दुर्लभ मामलों में से एक है जिसमें कंपनी के सर्वोत्तम हितों की रक्षा के लिए नियंत्रण स्थापित करके एक संघर्ष को हल नहीं किया जा सकता है, और इसलिए, सबसे अधिक संभावना है कि कंपनी कर्मचारी को तुरंत वितरक में अपनी रुचि बेच देने का अनुरोध करेगी और/या कंपनी से नियुक्ति के संभावित निष्कासन का सामना करेगा।





# हमारी कॉर्पोरेट आस्तियों और जानकारियों की रक्षा करें

सभी कर्मचारियों पर कंपनी की आस्तियों, स्वामित्वाधीन एवं गोपनीय जानकारियों तथा अवसरों की सुरक्षा करने का दायित्व है।

## कॉर्पोरेट आस्तियों की रक्षा करें

कंपनी की आस्तियों का उपयोग केवल वैध व्यापारिक प्रयोजनों के लिए किया जाना चाहिए। हालाँकि, RPM और उसकी कुछ ऑपरेटिंगकंपनियां इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार उपकरण, जैसे की कंप्यूटर, फोन, फैक्स मशीन या कॉपी मशीन के प्रासंगिक उपयोग की अनुमति दे सकती हैं। सभी लागू नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किसी भी इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण का उपयोग करने से पहले हमेशा आपकी ऑपरेटिंग कंपनी के पर्यवेक्षकों के साथ जांच लें या आपकी कंपनी की नीतियों का पुनरावलोकन कर लें।

आपकी कंपनी के अध्यक्ष, जनरल मैनेजर या मुख्य संचालन अधिकारी से पूर्व अनुमोदन के बिना अन्य प्रकार की कॉर्पोरेट आस्तियाँ के व्यक्तिगत उपयोग की अनुमति नहीं है।

### गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारियों की रक्षा करें

अपनी नियुक्ति के एक भाग के रूप में, संभव है कि आप कंपनी, हमारे कर्मचारियों, या अन्य लोग, जिनके साथ हम व्यापार करते हैं, उनके बारे में संबंधित गोपनीय या स्वामित्वाधीन जानकारियों से अवगत हो जाएं। आपके भरोसे पर आपको सौंपी गई सभी जानकारियों की कड़ी गोपनीयता आपको अवश्य बनाए रखनी चाहिए, केवल उस स्थिति को छोड़ कर जब प्रकटन को RPM के या आपके जनरल काउंसिल द्वारा अधिकृत किया गया हो या जब किसी कानून या विनियम द्वारा ऐसा करना आवश्यक किया गया हो। गोपनीय या स्वामित्वाधीन जानकारी में ऐसी गैरसार्वजनिक जानकारी शामिल है जो प्रकट कर दिए जाने की स्थिति में उसे हमें सौंपने वाले पक्ष के लिए हानिकारक हो सकती है या प्रतिस्पर्धियों के लिए उपयोगी हो सकती है। गैरसार्वजनिक जानकारी का संरक्षण करने का आपका दायित्व आपकी नियुक्ति की समाप्ति के बाद भी जारी रहता है।

हम अक्सर ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, संभावित ख़रीदार और व्यवसाय के विक्रेताओं, तथा अन्यों के साथ ग़ैर प्रकटीकरण समझौते में एक पक्ष होते है। यदि आप किसी ऐसी संस्था, जिसके साथ हम व्यापार करते हैं, की कोई गोपनीय या स्वामित्वाधीन जानकारी पाते हैं तो पुष्टि करें कि ऐसा कोई समझौता मौजूद है या नहीं, और यदि है तो आपको उस गोपनीय जानकारी को अनुपयुक्त ढंग से प्रकट होने से बचाने के लिए उसके उपयोग और उसकी सुरक्षा करने में सावधानीपूर्वक व्यवहार करना होगा।



गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारी में शामिल है ग्राहकों के आँकड़े, व्यापार विपणन एवं सेवा योजनाएं, डिजाइन, डेटाबेस, अभिलेख, वेतन की जानकारी, अप्रकाशित वित्तीय आँकड़े एवं रिपोर्ट, और बौद्धिक संपदा, जैसे कि उत्पाद फॉर्म्यूले।



# प्र और उ

## कॉर्पोरेट संपत्ति एवं अवसरों की रक्षा करें

**प्र: मेरे सहयोगी ने व्यवसाय के लिए एक यात्रा की और एक महंगा भोजन किया। उसने सोचा कि राशि के कारण खर्च को खारिज कर दिया जा सकता है, इसलिए उन्होंने कहा कि रात्रिभोज एक से अधिक व्यक्तियों के लिए था। क्या वह एसा कर सकता हैं? क्या होगा यदि उसने यात्रा पर अपनि पत्नी को साथ लिया हो और दोनों के खर्चों को उसके खर्चों में सुचित किया हो?**
**उ:** नहीं, वह दोनों में से कोई भी नहीं कर सकता है। एक व्यय अभिलेख को प्रस्तुत करना जो जानबूझकर गलत बनाया है, ईमानदारी के हमारे मूल सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

पहले उदाहरण में, खर्च को मंजूरी मिलने की उम्मीद के साथ भोजन के प्रतिभागियों के रूप में अधिक लोगों को जोड़ना धोखाधड़ी का गठन करता है। दूसरे उदाहरण में, यात्रा के किसी भी हिस्से को खर्च कहना उचित नहीं होगा जो व्यवसाय से संबंधित नहीं था। व्यापार के लिए उनकी पत्नी की उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है; और इसलिए, पारदर्शी रूप से खुलासा और एक उचित कॉर्पोरेट कार्यकारी द्वारा पूर्व अनुमोदित न होने तक, यह कॉर्पोरेट संपत्तियों का उचित उपयोग नहीं होगा। व्यक्तिगत उपयोग के लिए कॉर्पोरेट निधियों का उपयोग धोखाधड़ी का एक और रूप है।

**प्र: मैं भोजन अवकाश पर हूँ और मैं अपनी पत्नी/अपने पति के लिए फूल खरीदने हेतु मेरे कंप्यूटर का इस्तेमाल करना चाहता/ती हूँ। क्या मैं यह कर सकता/सकती हूँ?**
**उ:** हाँ, यदि आपकी ऑपरेटिंग कंपनी इस प्रकार के प्रासंगिक उपयोग की अनुमति देती हो तो। यह गौण है क्योंकि इसमें कंपनी के लिए लागत या देनदारी का जोखिम कम है। और फिर आप संपत्ति का उपयोग भोजन अवकाश के दौरान कर रहे हैं, जो कि उपयुक्त है।

**प्र: मैं कंपनी छोड़ रहा हूँ और अपना स्वयं का कोटिंग और सीलेंट का व्यापार शुरू करने जा रहा हूँ। मेरे जाने के बाद, क्या मैं उन उत्पाद फॉर्मूला का, जो मैंने सीखे थे, उपयोग अपने खुद के उत्पाद बनाने के लिए कर सकता हूँ?**
**उ:** बिलकुल नहीं। फॉर्म्यूला का उपयोग करने से पहले RPM के या आपकी कंपनी के कानूनी विभाग से परामर्श लें। वे फॉर्म्यूला कंपनी की बौद्धिक संपदा का हिस्सा हैं। उन्हें ले जाने से संभावित रूप से नागरिक जुर्माना हो सकता है और संभवत: कुछ न्यायक्षेत्रों में व्यापार रहस्यों की चोरी के लिए आपराधिक उल्लंघन का निर्माण हो शकता हैं।

**प्र: पर अगर मैंने फॉर्म्यूले का आविष्कार किया हो तो?**
**उ:** जिस फॉर्म्यूला का आपने आविष्कार किया था अथवा जिसके आविष्कार में आप शामिल थे, उसे कंपनी के लिए आपके कार्य के एक भाग के रूप में अविष्कृत किया गया था, और इसलिए, आपकी नियुक्ति के नियमों के अनुसार, उसके सारे अधिकार कंपनी के स्वामित्व में हो सकते हैं।

**गोपनीय या स्वामित्व वाली जानकारी का अनधिकृत उपयोग या वितरण हमारी नीतियों का उल्लंघन करता है और नागरिक या आपराधिक दंड का कारण बन सकता है। कंपनी की सुरक्षा के लिए, सोशल मीडिया साइटों पर गोपनीय, वित्तीय या स्वामित्व वाली जानकारी पोस्ट करने या चर्चा करने से बचें। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी जहाँ अन्य लोग इसे सुन सकते हैं, संवेदनशील जानकारी की चर्चा से बचें।**

### व्यक्तिगत डेटा क्या है?

"व्यक्तिगत डेटा" में ऐसी कोई भी जानकारी शामिल होती है जिसका उपयोग किसी जीवित व्यक्ति की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पहचानने के लिए किया जा सकता है। व्यक्तिगत डेटा के विस्तृत विवरण के लिए, कृपया RPM की वैश्विक डेटा संरक्षण नीति और जीडीपीआर पर मार्गदर्शन की समीक्षा करें।




## हर किसी की गोपनीयता और सुरक्षा संबंधी हितों की रक्षा करें

कर्मचारियों और कंपनी की ओर से कार्य कर रहे गैर-कर्मचारी व्यापारिक साझेदारों के पास व्यक्तिगत डेटा की पहुँच हो सकती है। व्यक्तिगत डेटा का अनुचित प्रकटन ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और कर्मचारियों के वित्त तथा सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है और इसलिए, इस जानकारी को सारे समय सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

व्यक्तिगत डेटा या कॉर्पोरेट जानकारी स्थानांतरित करते समय हमें सावधान रहना आवश्यक हैं; कई देशों में ऐसे कानून होते हैं जो व्यक्तिगत डेटा के स्थानांतरण या प्रकटन को प्रतिबंधित करते हैं, तब भी जब स्थानांतरण किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था को किया जा रहा हो जो उसे सुरक्षित रखेगी और केवल वैध प्रयोजनों से उसका उपयोग करेगी। यदि आपको संदेह है की आप व्यक्तिगत डेटा या कॉर्पोरेट जानकारी स्थानांतरित करने के लिए अधिकृत हैं या नहीं, तो RPM की वैश्विक डेटा संरक्षण नीति और जीडीपीआर पर मार्गदर्शन की समीक्षा करें, या आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से संपर्क करें।

RPM की वैश्विक डेटा संरक्षण नीति और संबंधित मार्गदर्शन https://www.rpminc.com/vepolicies/ पर पाया जा सकता है



# प्र और उ

## व्यक्तिगत डेटा और गोपनीय जानकारी का संरक्षण

**परिदृश्य:** मुझे एक ग्राहक के खरीद विभाग से एक ईमेल मिला था। ईमेल वैध दिख रहा था और उसमें ग्राहक की कंपनी का लोगो भी था।

जिस व्यक्ति ने ईमेल भेजा था उसका नाम तो मैं नहीं पहचानता था, पर उसने कहा कि उसकी कंपनी, उनके द्वारा हमसे खरीदे गए उत्पादों के लिए हमें पैसा भेजना चाहती है। मैं ग्राहकों पर यथा संभव शीघ्रता से ध्यान देना चाहता हूँ, पर ग्राहक के बारे में जितनी सीमित जानकारी मेरे पास है, उसे देखते हुए मैं ईमेल के जरिए हमारी कंपनी का बैंक अकाउंट रूटिंग नंबर और अकाउंट नंबर देने में असहज महसूस कर रहा हूँ। क्या मैं सही कर रहा हूँ?

**आपका कर्तव्य:** बिल्कुल सही है। संभव है कि वह ईमेल हमारे किसी ग्राहक का न होकर ऐसे किसी व्यक्ति से आया हो जो हमसे कुछ चुराने के लिए हमारी कंपनी की बैंकिंग जानकारी पाने का प्रयास कर रहा हो। यह बात सराहनीय है कि आप अच्छी ग्राहक सेवा देना चाहते हैं, पर आपका संदेह अपनी जगह बिल्कुल ठीक है। अपराधी हमारे कर्मचारियों की बढ़िया ग्राहक सेवा देने की इच्छा का उपयोग उनसे ऐसी जानकारी निकलावने में करेंगे जिसका इस्तेमाल हमारी कंपनी को नुकसान पहुँचाने में किया जा सकता हो।

किसी को भी कोई संवेदनशील वित्तीय या गोपनीय जानकारी तब तक प्रदान न करें जब तक आप इस बारे में पूर्णत: निश्चित न हो जाएं कि वह कौन है और यह कि उस व्यक्ति के पास वह जानकारी रखने का प्राधिकार है। इसके अलावा, गोपनीय, वित्तीय या स्वामित्वाधीन जानकारी को सोशल मीडिया साइटों पर कभी भी पोस्ट न करें या चर्चा न करें। यदि आपको जानकारी मांगने वाले किसी व्यक्ति के बारे में कोई संदेह हो, तो ऐसे किसी व्यक्ति से संपर्क करें जो उस व्यक्ति को जानता हो या जो यह सत्यापित कर सकता हो कि वह व्यक्ति वैध अनुरोध कर रहा है। साथ ही, एन्क्रिप्ट या पासवर्ड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से स्थानांतरित करते समय वित्तीय, व्यक्तिगत या गोपनीय डेटा की रक्षा करें।

**प्र: किसी अन्य ऑपरेटिंग कंपनी से एक व्यक्ति ने, जिसे मैं जानता नहीं था, मुझे कॉल की और मध्यम-स्तर के प्रबंधक की जन्मतिथि पूछी। ऊपरी तौर पर लग यह रहा था कि, हमारे प्रबंधक हमारी सहायक ऑपरेटिंग कंपनी की यात्रा पर जा रहे हैं और कॉल करने वाला व्यक्ति हमारे कर्मचारी के लिए हवाईजहाज का टिकट खरीद रहा था। ट्रेवल एजेंसी को यात्रा की बुकिंग के लिए कर्मचारी की जन्मतिथि की जानकारी चाहिए होती है। यह जानकारी मेरी पहुँच में है, पर चूंकि मैं कॉल करने वाले व्यक्ति को जानता नहीं था, मैंने उसे वह जानकारी नहीं दी। मैंने कुछ गलत नहीं किया। है ना?**

**उ:** आपने बिल्कुल ठीक किया। आप कॉल करने वाले को नहीं जानते थे, तो आपको नहीं पता कि कॉल करने वाला वैध रूप से किसी अन्य RPM ऑपरेटिंग कंपनी के लिए कार्य करता है या नहीं। अगर कॉल करने वाला व्यक्ति RPM ऑपरेटिंग कंपनी के लिए कार्य करता हो तो भी, आप नहीं जानते कि उसके पास वह जानकारी प्राप्त करने का प्राधिकार है या नहीं और वह उसका उपयोग वैध प्रयोजनों से ही करेगी या नहीं। यदि निम्नलिखित सभी लागू होते हैं केवल तो ही व्यक्तिगत डेटा या गोपनीय जानकारी का खुलासा करें: (1) आप जानकारी का अनुरोध करने वाले व्यक्ति की पहचान को जानते हैं या सत्यापित कर चुके हैं; (2) आप जानते हैं कि उस व्यक्ति को जानकारी जानने और रखने की आवश्यकता है; (3) आप जानते हैं कि वह व्यक्ति जानकारी की रक्षा करेगा; (4) आप जानकारी को सुरक्षित प्रारूप में प्रदान करते हैं, और (5) डेटा का हस्तांतरण लागू कानून का अनुपालन करता है और RPM की पासवर्ड सुरक्षा नीति के साथ-साथ RPM की डेटा गोपनीयता और जीडीपीआर मार्गदर्शन के अनुसार है।



# लोगों और समुदायों की ओर प्रतिबद्धता



## स्वास्थ्य, सुरक्षा और हमारे पर्यावरण का संरक्षण करें

हम सभी पर व्यापार का संचालन ऐसे ढंग से करने की जिम्मेदारी है जो पर्यावरण को और कर्मचारियों, संविदाकारों, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं, समुदायों और जनता के स्वास्थ्य व सुरक्षा का संरक्षण करता हो।

हमारी सुविधाओं को लागू पर्यावरणीय, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक हैं और साइट पर निर्मित तथा संभाले जाने वाले पदार्थों के बारे में स्थानीय समुदायों के साथ एक खुला संवाद बनाए रखें। हम जागरुकता के प्रसार और संभावित खतरों से निपटने के आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों के लिए सरकारी प्राधिकरणों, उद्योग समूहों और आम जनता के साथ भी कार्य करेंगे।

## प्र और उ

### स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय

**परिदृश्य:** स्थानीय जल प्राधिकरण से विनियम हर साल कठोर बनते प्रतीत होते हैं। आपके प्लांट ने दो पूर्णकालिक कर्मचारियों को निर्वहन से पहले प्रक्रिया के पानी को संसाधित करने के लिए नियत किया है, बस प्रबंधन के लिए। कभी-कभी यह बहुत व्यस्त हो जाता है और उन कर्मचारियों को अन्य उत्पादन कार्यों पर काम करने के लिए जाना आवश्यक हैं।

उत्पादन पर्यवेक्षक को दैनिक नमूने लेने और नियमों के अनुपालन को दिखाने के लिए जल प्राधिकरण को त्रैमासिक अहेवाल जमा करने की आवश्यकता होती है। भले ही पानी का हर दिन ठीक से संसाधन नहीं किया गया था, फिर भी उन दिनों के लिए जो छुट गए थे वह रिपोर्ट पर कुछ संख्याओं में लिखने का फैसला करता है। वह किसी को परेशानी में नहीं चाहता और अंदाजा लगाता हैं की कोई भी इन रिपोर्टों को पढ़ता नहीं है।

**आपका कर्तव्य:** यह हमारे मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है। हमारी सुविधाओं को सभी पर्यावरण कानूनों का पालन करना आवश्यक हैं और सभी रिपोर्टों को सच्चे तरीके से तैयार किया जाना चाहिए। सहकर्मियों को परेशानी से दूर रखने की कोशिश करना कोई बहाना नहीं है। ये कार्य कंपनी को महत्वपूर्ण देयता के लिए उजागर कर सकता हैं। नियम सख्त प्रतीत हो सकते हैं, लेकिन वे जनता को स्वास्थ्य के खतरों से बचाने और जलमार्गों को साफ रखने के लिए हैं।

झूठा अहेवाल तुरंत आपकी कंपनी के पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (ईएच एंड एस) प्रबंधक या आपकी कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के दूसरे सदस्य को सूचित किया जाना चाहिए। इसे शीर्ष प्रबंधन के ध्यान में लाने से यह सुनिश्चित होगा कि हमारी कंपनी उचित सुधारात्मक कार्रवाई कर सकती है। यह समुदाय को सुरक्षित रखने और the Value of 168 के महत्व को मजबूत करने के लिए RPM की वचनबद्धता को भी आगे बढ़ाता है।

## प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमापूर्ण व सम्मानपूर्ण व्यवहार करें

हमारे सभी कर्मचारियों, और नियुक्ति खोज रहे व्यक्ति, नौकरी पर रखने, कार्य स्थितियों, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पदोन्नतियों और नियुक्ति की अन्य शर्तों के मामले में समान अवसर पाएंगे। भेदभावपूर्ण प्रथाएं सहन नहीं की जाती हैं।

हम सभी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी को साझा करते है कि कार्यस्थल दिन-प्रतिदिन के पर्यावरण और कार्यस्थल के बाहर कार्य से संबंधित स्थान, दोनों में RPM के या उसकी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अथवा विक्रेताओं, ग्राहकों या गैर-कर्मचारी व्यापारिक साझेदारों, जिनके साथ हमारे कर्मचारी पारस्परिक व्यवहार करते हैं, उनके द्वारा उत्पीड़न से मुक्त हो। सरल शब्दों में कहें तो, किसी व्यक्ति के लिंग, आयु, अक्षमता, राष्ट्रीय मूल, जाति, रंग, धर्म, वैवाहिक स्थिति, यौन पसंदगी, लैंगिक पहचान, वर्तमान या भूतपूर्व/अनुभवी सैनिक होने की स्थिति या अन्य किसी अभिलाक्षणिक विशेषता के संबंध में किसी भी स्थिति में उत्पीड़न को सहन न करें। आपको उत्पीड़न रोकने और उसकी सूचना देने का नैतिक साहस अवश्य दिखाना चाहिए, यदि आप निशाना न हों तो भी।

### सामाजिक रूप से जिम्मेदार बने

सभी कर्मचारियों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकार मानकों का पालन करना चाहिए। हमें अपने विक्रेताओं, ग्राहकों और सलाहकारों पर उचित सावधानी बरतनी चाहिए, और हम उम्मीद करते हैं कि जिनके साथ हमारे संबंध हैं, वे बच्चे या दास श्रम और मानव तस्करी से दूर रहें और इनके प्रति शून्य सहनशीलता रखते हैं। अगर किसी कर्मचारी को कभी भी चिंता है कि जिस व्यक्ति के साथ हम व्यापार करते हैं, वह बच्चे या दास श्रम का उपयोग कर रहा है या मानव तस्करी में जुडे हुए है, तो कर्मचारी को पर्यवेक्षक या RPM के कानूनी विभाग को उस चिंता के बारे में सूचित करना होगा।




**प्र: मैंने देखा कि हमारे उत्पादन पर्यवेक्षकों में से एक नियमित रूप से कर्मचारियों में से एक को चुनते है, जब भी वह मामूली गलती करता है तो उसे आलसी और बेवकूफ कहते हैं। कर्मचारी इस पर हंसता है, लेकिन मुझे पता है कि यह उसे बुरा महसूस करवाता है, और यह मुझे भी परेशान करता है। हम दोनों कुछ भी कहने से डरते हैं क्योंकि हम अपनी नौकरियां खोना नहीं चाहते हैं। हमें क्या करना चाहिए?**

**उ:** हमारे मूल सिद्धांतों की आवश्यकता है कि हम सभी के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करें, चाहे वह समान स्तर पर सहकर्मियों या पर्यवेक्षक और अधीनस्थ के बीच की गतिविधियों और कार्यों को शामिल हो। अक्सर, लोग कार्यस्थल उत्पीड़न को यौन या नस्लीय प्रकृति में सोचते हैं। लेकिन उत्पीड़न आपके द्वारा देखी गई अपमानजनक टिप्पणियों के प्रकार सहित कई रूप ले सकता है। इसलिए, आपको इस स्थिति को उसी तरह संबोधित करना चाहिए जैसे आप यौन उत्पीड़न को संबोधित करते हैं।

सबसे पहले, पर्यवेक्षक को बताएं कि ये टिप्पणियां आक्रामक हैं और उन्हें रोकने के लिए कहें। अगर आपको लगता है कि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं, या यदि आप ऐसा करते हैं और उत्पीड़न जारी रहता है, तो आपको पर्यवेक्षक के बॉस या मानव संसाधन विभाग को इस स्थिति के बारे में सूचित करना चाहिए। यदि यह काम नहीं करता है, तो आप कंपनी में वरिष्ठ प्रबंधन को "श्रृंखला के उपरी को" रिपोर्ट करना जारी रख सकते हैं; या आप RPM हॉटलाइन को कॉल कर सकते हैं और उसे वहां अनाम रूप से सूचित कर सकते हैं। हमेशा याद रखें कि RPM की सख्त गैर-प्रतिशोध नीति है। आपको अपने पर्यवेक्षक या आपकी कंपनी द्वारा रिपोर्टिंग के लिए, अच्छे विश्वास में, हमारे मूल्यों का उल्लंघन करने के लिए प्रतिशोध नहीं किया जा सकता है।

# जिम्मेदार उद्यमिता

वैश्विक बाजारों में RPM के हितों के लिए आगे बढ़ते हुए और हमारे व्यापारिक साझेदारों, समुदायों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्धियों और सरकार के साथ पारस्परिक व्यवहार करते हुए हमें the Value of 168 और उसके अंतर्निहित मूल सिद्धांतों, यानि सत्यनिष्ठा, प्रतिबद्धता, जिम्मेदार उद्यमिता तथा नैतिक साहस का सख्ती से पालन अवश्य करना चाहिए। आपको ऐसी स्थितियों से अवश्य बचना चाहिए जो अनुचित आचरण का कारण बन सकती हों। अनुचित कार्यप्रथाओं के जरिए किसी का भी नाजायज फायदा न उठाएं।




## सही, संपूर्ण और पारदर्शी अभिलेख रखें

हम हमेशा हमारे सारे अभिलेख अधिकतम संभव ईमानदारी के साथ बनाए रखेंगे। हमेशा सुव्यवस्थित, विस्तृत, सही और सत्यपूर्ण ढंग से बहियां, अभिलेख, खाते और वित्तीय विवरण तैयार करें और बना कर रखें। आपको RPM के आंतरिक और बाह्य ऑडिटर के साथ सहयोग अवश्य करना है और न तो आप और न ही कोई और उन्हें बाधित कर सकता है, उनसे धूर्तता से काम निकलवा सकता है, उन्हें गुमराह कर सकता है या धोखे से प्रभावित कर सकता है।

कंपनी की प्रकटन प्रक्रिया में शामिल सभी कर्मचारियों, निदेशकों और अधिकारियों — जिसमें शामिल हैं किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, RPM के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी, प्रधान लेखांकन अधिकारी, ऑपरेटिंग कंपनियों में समान प्रकार के प्रकार्य निष्पादित कर रहे नियंत्रक या व्यक्ति ("वरिष्ठ वित्त अधिकारी") — के लिए कंपनी के प्रकटन नियंत्रणों और कार्यविधियों से परिचित होना और उनका अनुपालन करना आवश्यक है। उन्हें उनके उत्तरदायित्व के क्षेत्र से संबंधित वित्तीय जानकारी पर लागू आंतरिक नियंत्रणों से परिचित होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कंपनी के सार्वजनिक अहेवाल और दस्तावेजों को उचित व सही रूप से तथा संघीय प्रतिभूति कानूनों, प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसइसी) नियमों, सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों और संबंधित स्थानीय वित्तीय जानकारी कानूनों के अनुसरण में प्रस्तुत किया जाता है।



RPM या उसकी किसी ऑपरेटिंग कंपनी के सामान्य व्यापार, परिणामों, वित्तीय स्थिति या संभावनाओं से संबंधित एसइसी या अन्य विनियामक फाइलिंग, प्रस्तुतियों या अन्य सार्वजनिक संचार पर प्रत्यक्ष या पर्यवेक्षी प्राधिकार रखने वाले सभी व्यक्तियों को, जब उपयुक्त हो तब, इन क्षेत्रों में विषय-वस्तु में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों से परामर्श करना चाहिए और इन प्रकटनों के संबंध में उपयुक्त कदम उठाने चाहिए। लक्ष्य संपूर्ण, उचित, शुद्ध, समयबद्ध एवं समझ में आने योग्य प्रकटन है।

लेखांकन, आंतरिक लेखांकन नियंत्रण, या ऑडिट के मामलों, या किसी प्रतिभूति कानून के महत्वपूर्ण उल्लंघन से संबंधित किसी भी समस्या या चिंता की सूचना RPM की रिपोर्ट करने योग्य घटनाओं नीति के अनुसार या इस मार्गदर्शिका के पृष्ठ 34, 35 एवं पिछले कवर पर वर्णित अनुसार अवश्य सूचित की जानी चाहिए।

RPM की रिपोर्ट करने योग्य घटनाओं नीति
https://www.rpminc.com/vepolicies/
पर मिल सकती है

**RPM और उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों के वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों को यह करना होगा:**

- नैतिकतापूर्ण ढंग से और ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करें।
- व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों के बीच वास्तविक या स्पष्ट हितों के विरोध को उचित रूप से प्रबंधित करें।
- सरकारी एजेंसियों को कंपनी जो जानकारी व दस्तावेज सार्वजनिक रूप से भेजती है या फाइल करती है उन सभी में संपूर्ण, उचित, शुद्ध, समयबद्ध और समझ में आने योग्य प्रकटन को बढ़ावा दें।
- संघीय, राज्य और स्थानीय शासन, और लागू निजी और सार्वजनिक नियामक एजेंसियों के लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन को बढ़ावा दें।
- कंपनी के तथ्यों, कंपनी के स्वतंत्र ऑडिटर, शासकीय नियामकों और स्व-नियामक संगठनों के साथ-साथ, जानबूझकर ग़लत ढंग से पेश नहीं करना है, या दूसरों को ऐसा नहीं करने देना है।
- इस मार्गदर्शिका में वर्णित या RPM अहेवाल योग्य घटना नीति के अंतर्गत नियमों एवं कार्यविधियों के अनुसरण में, उल्लंघनों या संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना तत्काल RPM के मुख्य अनुपालन अधिकारी को या हॉटलाइन पर दें।

# शेयर बाज़ार संबंधी व्यापारिक निर्णय लेने के लिए केवल सार्वजनिक जानकारी का उपयोग करें

शेयर बाजार में व्यापार करते समय, हम RPM या किसी अन्य कंपनी के शेयरों को केवल तब ही खरीद या बेच सकते हैं जब व्यापारिक निर्णय सार्वजनिक जानकारी के उपयोग से किया गया हो। गैरसार्वजनिक जानकारी का इस्तेमाल करते हुए किसी शेयर में व्यापार करना गैरकानूनी हो सकता है, और सभी मामलों में, हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है। इन नियमों से बचने के लिए आप किसी और के हाथों अपनी ओर से शेयर खरीदवा या बिकवा नहीं सकते हैं। ऐसे किसी व्यक्ति के साथ गैरसार्वजनिक जानकारी साझा न करें जो उसका नाजायज फायदा उठा सकता हो।

यदि आप अपने पास कोई गैरसार्वजनिक जानकारी होने के दौरान शेयरों की खरीद या बिक्री को शामिल करने वाले नियमों के विषय में अनिश्चित हैं तो RPM के जनरल काउंसिल से संपर्क करें। यदि आप ऐसे नियमों या विनियमों के साथ वास्तविक या संभावित गैर अनुपालन के बारे में जागरूक हो जाते हैं, तो तुरंत RPM के मुख्य अनुपालन अधिकारी को सूचित करें या अज्ञात रिपोर्ट करने के लिए हॉटलाइन का उपयोग करें।

## बात जब भेदिया व्यापार की हो तो “सलाह” (टिप) का अर्थ क्या है?

कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों के तहत दोस्तों या परिजनों को गोपनीय या "अंदरूनी" जानकारी देने से प्रतिबंधित किया गया है जो यह संकेत दे सकती हों कि आप शेयर बाजार में लाभ कमाने या हानि से बचने में किसी की मदद कर रहे हैं। ऐसी जानकारी को सलाह (टिप) माना जाता है और किसी के लाभ के लिए अवैध ढंग से इसका उपयोग कर सकता है।

"सलाह" प्राप्त करने से आपको नागरिक या आपराधिक जुर्माना मिल सकता है।



# ऐसी स्थितियों से बचें जिन्हें भ्रष्टता के रूप में देखा जा सकता हो

हमें अवश्य जिम्मेदार उद्यमी होना चाहिए और हमेशा उच्चतम सत्यनिष्ठा और नैतिक साहस के साथ व्यवहार करना चाहिए। नतीजतन, हमें कभी भी खुद को ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होने देना चाहिए जो भ्रष्टता का आभास दे सकती हो। आपको कभी भी कोई मूल्यवान वस्तु, जिसमें मूर्त उपहार और मनोरंजन शामिल हैं, स्वीकार, प्राप्त, देनी नहीं चाहिए अथवा देने की पेशकश नहीं करनी चाहिए यदि उसके पीछे का उद्देश्य व्यापार में कोई अनुचित लाभ पाने को प्रभावित करना, या भुगतान में शामिल या उससे बंधे हुए किसी व्यक्ति या कंपनी/संस्था का अनुचित लाभ करवाना हो। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने या संलिप्त संस्थाओं ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कार्य किया अथवा लेनदेन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ हुआ। सतर्क रहें और उचित प्रयास करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जिनके साथ हम व्यापारिक लेनदेन करते हैं वे आपके या कंपनी की ओर से ऐसी चीजें अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त करने के प्रयासों में संलग्न न हों जिन्हें आप प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। अवैध भुगतानों के लिए आपको, आपकी कंपनी को और RPM को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

168 के मूल्य एवं अपेक्षाएं यह आवश्यक करते हैं कि आप RPM या आपकी कंपनी की ओर से या उसके लिए किए गए या प्राप्त भुगतानों, दिए गए या प्राप्त मूर्त उपहारों को उसके अभिलेख और बहियों में खुले रूप से एवं पारदर्शिता के साथ विस्तार से स्पष्ट करें। इन लेन-देन को आपकी व्यय रिपोर्टों और कॉर्पोरेट पुस्तकों और अभिलेखों में पारदर्शी रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।

यदि आपको कभी संदेह है कि कोई भुगतान, मूर्त उपहार या मनोरंजन उचित है, या फिर आप इस बात पर अनिश्चित हों कि आपकी कॉर्पोरेट बहियों और अभिलेखों में लेनदेनों को उचित रूप से प्रलेखित कैसे करना है, तो अपनी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से कानूनी सलाह मांगें।



**भुगतानों के बारे में सरल नियम:**

- किसी भी प्रकार की रिश्वत की अनुमति नहीं है।
- कोई भी मूल्यवान वस्तु न तो पेश की जा सकती है और न ही स्वीकारी जा सकती है यदि उसके पीछे का उद्देश्य किसी को प्रलोभित करना या किसी को अनुचित लाभ या फायदा प्रदान करना है।
- सुविधाजनक भुगतान (किसी रोजमर्रा के सरकारी कार्य को तेज गति से करवाने के लिए सरकारी अधिकारियों को किए गए भुगतान) की अनुमति नहीं है बशर्ते उन्हें RPM के जनरल काउंसिल द्वारा लिखित में अनुमोदित किया गया है।
- सभी कॉर्पोरेट बहियों और अभिलेखों में किए गए या प्राप्त हुए भुगतानों की वास्तविक प्रकृति, राशि एवं उद्देश्य प्रदर्शित होने चाहिए।



**निम्नलिखित कुछ परिस्थितियों के उदाहरण दिए गए हैं जिनमें आगे की जाँच-पड़ताल या कानूनी सलाह आवश्यक है:**

जो व्यक्ति भुगतान की पेशकश कर रहा है, भुगतान दे रहा है या उसे प्राप्त कर रहा है:

- उसके सरकारी अधिकारियों के साथ पारिवारिक या व्यावसायिक संबंध हैं
- उसकी व्यावसायिक समुदाय में बुरी प्रतिष्ठा है, या ऐसा लगता हो कि उसके पास प्रस्तुत सेवाओं को निष्पादित करने के लिए पर्याप्त संसाधन की कमी है
- वह चाहता या चाहती हो कि उसकी पहचान प्रकट न की जाए या अनुभव दस्तावेज़ के रूप में दर्ज कराने के लिए संदर्भ उपलब्ध न करा सकता/सकती हो।
- उत्पादों या सेवाओं के उसके सामान्य शुल्क या उद्योग-मानक शुल्कों से अधिक की या अतिरिक्त धन की मांग करता है
- प्रतिपूर्ति योग्य खर्चों के लिए रसीद प्रदान करने से इंकार कर दिया
- भुगतानों के लिए अजीब या असामान्य नियमों/शर्तों की मांग करता है।



## प्र और उ

**प्र: हमारी कंपनी एक नए देश में विनिर्माण संचालन शुरू कर रही है। मुझे 90 दिनों में अपना नया प्लांट चालू करने की समयसीमा दी गई है। हमारे पास कई ऑर्डर हैं, और जब तक हम फैक्ट्री तैयार कर रहे हैं तब तक ग्राहकों ने धैर्यपूर्वक इंतजार किया है। फैक्ट्री के लिए पर्यावरण परिचालन परमिट प्राप्त करना आखिरी बात है।**

**जब मैं देश की वेबसाइट पर परमिट के लिए आवेदन करने जाता हूं, तो यह कहता है कि परमिट प्राप्त करने में छह महीने लगेंगे। वेबसाइट यह भी कहती है कि मुझे "त्वरित परमिट प्रसंस्करण" के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करना चाहिए। मैं नंबर लगाता हूँ। मेरा कॉल लेने वाला अधिकारी कहता है की अतिरिक्त $500 का भुगतान करने से मुझे 60 दिनों में परमिट मिल सकता है। वह मुझे वेबसाइट के एक विशेष अनुभाग तक पहुंच प्रदान करता है जहाँ मैं मेरे कंपनी क्रेडिट कार्ड की जानकारी दर्ज कर सकता हूं। मैं निश्चिंत नहीं हूँ क्या करना चाहिए।**

**उ:** आगे बढ़ने से पहले आपको अपनी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से जांच करनी चाहिए। चूंकि यह जानकारी आधिकारिक सरकारी वेबसाइट से आई है और यह हर किसी के लिए औपचारिक प्रक्रिया प्रतीत होती है, यह शायद वैध है। हालाँकि, अभिनय से पहले सलाह लेना हमेशा एक अच्छा विचार है, और क्योंकि यह एक संभाविक सुविधाजनक भुगतान है, RPM जनरल काउंसिल अनुमोदन की आवश्यकता है।

### यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन एवं मनोरंजन की सूचना उचित ढंग से दें

अस्थायी आवास, यात्रा, भोजन और मनोरंजन के लिए किए गए व्यापारिक भुगतानों और प्रतिपूर्तियों का गहनता से सूक्ष्म परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो कि वे उपहारों का, या उससे भी बुरा, अनुपयुक्त भुगतानों का रूप न ले सकें। यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन और मनोरंजन व्यापारिक व्यय हो सकते हैं (उपहार नहीं) यदि निम्नलिखित सभी लागू होते हैं: व्यय (1) उचित है, (2) आनुपातिक और सीधे एक सदाशयी व्यापार लेनदेन से जुड़ा हुआ है, (3) व्ययों को कंपनी के अभिलेखों में उचित रूप से एवं सविस्तार प्रलेखित किया गया है।

सदाशयी व्यापार लेनदेन के उदाहरण में उत्पाद प्रदर्शन, प्रचार और स्पष्टीकरण शामिल हैं। वे यात्राएं एवं अस्थायी आवास, जो प्रमुखतः व्यक्तिगत मनोरंजन उद्देश्यों के लिए हैं, सदाशयी व्यय नहीं हैं और वे आपकी कंपनी या RPM के जनरल काउंसिल के अग्रिम अनुमोदन के बिना प्रतिबंधित हैं।

## यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन, उपहार एवं मनोरंजन

### उपहारों का विनिमय उचित ढंग से करें

एक उपहार मूल्यवान वस्तु है जो वैध व्यापारिक हित से सीधे और आनुपातिक रूप से जुड़ा हुआ नहीं है। यह मूर्त या अमूर्त हो सकता है और इसमें भोजन, मनोरंजन, सेवाएं, यात्रा या अस्थायी आवास शामिल हो सकता है। इससे प्राप्तकर्ता को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई लाभ प्राप्त हो सकता है।

हमारी कंपनी के साथ परस्पर व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी के साथ उपहारों का विनिमय करते समय कर्मचारियों को अवश्य ही सावधान रहना चाहिए।

हमारी कंपनी के कर्मचारियों और जिनके साथ हम पारस्परिक व्यवहार करते हैं उनके बीच उपहारों का आदान-प्रदान किसी अनुचितता या हितों के टकराव का आभास दे सकता है, इसका गलत अर्थ भ्रष्ट होने के रूप में निकाला जा सकता है, और यदि अत्यधिक हुआ तो, वह अनुपयुक्त या गैरकानूनी भुगतान बन सकता है।

RPM या उसकी किसी भी कंपनी के साथ व्यापारिक लेनदेन करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करने के संबंध में निम्नलिखित प्रतिबंध लागू होते हैं।


- ऐसे उपहारों की पेशकश या स्वीकार न करें जो किसी भी अधिनियम पर सशर्त है या होने के लिए निहित किया जा सकता है।
- उपहारों का आग्रह न करें।
- नकदी या नकदी समतुल्यों, जैसे प्रीपेड क्रेडिट कार्ड/चेक/मनी ऑर्डर, के उपहार पेश या स्वीकार न करें।
- अत्यधिक महंगे उपहार पेश या स्वीकार न करें।
- अकसर उपहार पेश या स्वीकार न करें, यदि अलग-अलग उपहार की राशि बहुत मामूली मूल्य की हो तब भी।
- गुप्त या अप्रकट उपहारों के आदान-प्रदान में संलग्न न हों।
- सरकारी अधिकारियों या संस्थाओं को उपहारों की पेशकश न करें (नाममात्र के मूल्य वाले उपहारों, जैसे कंपनी के लोगो वाली टोपी आदि, को छोड़ कर)।
- ऐसे किसी परोपकारी संगठन को उपहार की पेशकश न करें अथवा उनसे उपहार स्वीकार न करें जो किसी RPM कंपनी को लाभ पहुँचाने वाले लाभ-हेतु व्यापारिक लेनदेनों में संलग्न हों।



- किसी व्यक्तिगत संबंध या संपर्क के आधार पर उपहार देने के लिए कॉर्पोरेट निधियों का उपयोग न करें।
- आपकी कंपनी या RPM के जनरल काउंसिल से अग्रिम अनुमोदन के बिना यात्रा या अस्थायी आवास के उपहार न तो दें और न ही स्वीकारें।
- उपहार पेश या स्वीकार न करें यदि ऐसा करना इस नीति या अन्य पक्ष के संगठन की नीति का उल्लंघन करता हो।

## उपहारों के संबंध में निम्नलिखित कृत्य स्वीकार्य हैं:

- अधिकांश मामलों में, उपहारों से उपयुक्त ढंग से इनकार किया जा सकता है। उस असामान्य घटना के मामले में, जबकिसी उपहार से इस वजह से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि उपहार को अस्वीकार करना व्यक्तिगत या सांस्कृतिक रूप से अनुपयुक्त है, अशिष्ट है या उपहार प्रदान करने वाले व्यक्ति या संस्था के लिए शर्मिंदा करने वाली बात है, तो उपहार स्वीकार करने के तुरंत बाद RPM के जनरल काउंसिल को सूचित करें। यदि उपयुक्त हो तो, उपहार को कंपनी के कर्मचारियों के समक्ष प्रदर्शित किया जा सकता है, उनके बीच बाँटा जा सकता है, या उसे किसी परोपकारी संगठन को दान दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी की बहियों औरअभिलेखों में एक उपयुक्त स्मृतिपत्र जोड़ा जाना चाहिए जिसमें उपहार के विनिमय के इर्द-गिर्द मौजूद परिस्थितियों, उपहार के उचित अनुमानित मूल्य औरउपहार के अंतिम प्रबंध के बारे में समझाया गया होना चाहिए।
- यदि उपहार RPM या उसकी किसी कंपनी की ओरसे दिया गया या प्राप्त किया गया हो तो उसे उचित वखुले रूप से प्रलेखित अवश्य किया जाना चाहिए।



## प्र और उ

**प्र: हमारा बिक्री विभाग कैनकन, मेक्सिको के लिए पांच दिवसीय यात्रा की योजना बना रहा है, और मौजूदा और संभावित ग्राहकों को आमंत्रित करेगा। कंपनी सभी खर्चों के लिए भुगतान कर रही है।**

**इस यात्रा को कंपनी के उत्पादों के लिए एक प्रशिक्षण सम्मेलन के रूप में वर्णित किया गया है और एजेंडा पर एक दिन में एक घंटे का प्रशिक्षण होगा। इसके अलावा हररोज़ के लिए एक घंटे की ऑन-स्क्रीन प्रस्तुतियाँ तैयार की जा रही है, जिसमें कोई अन्य प्रशिक्षण सामग्री नहीं होगी। कैनकन में उस समय का संतुलन अवकाश और आनंद के लिए है, जैसे भ्रमण और भोजन। क्या यह एक उचित खर्च है?**

**उ:** सावधान: यह संभवत: एक "अनुचित भुगतान" है, अन्यथा रिश्वत के रूप में जाना जाता है। इस यात्रा को व्यावसायिक व्यय नहीं माना जाएगा क्योंकि उच्च लागत उचित या प्रत्यक्ष और आनुपातिक रूप से एक सदाशयी व्यापार उद्देश्य से संबंधित नहीं है। यद्यपि इसे "प्रशिक्षण" सम्मेलन कहा जाता है, लेकिन कम समय और प्रशिक्षण पर खर्च की जाने वाली सामग्री की कमी बाकी यात्रा की तुलना में कम है; और यात्रा की लागत प्रदान की गई प्रशिक्षण की मात्रा की तुलना में उचित नहीं है।

यात्रा को उपहार के रूप में नहीं देखा जा सकता है, बल्कि इसे अनुचित भुगतान के रूप में माना जा सकता है। उपहार बहुत असाधारण या महंगा नहीं होना चाहिए और प्राप्तकर्ता से अनुकूल बरताव प्राप्त करने की अपेक्षा से कभी बंधा नहीं होना चाहिए। आपको उपहार के लिए कंपनी को होनेवाली लागत पर विचार करना चाहिए, साथ ही उपहार के मूल्य और उपहार प्राप्त करने वाले पार्टी के साथ आपके संबंधों पर विचार करना चाहिए। इस स्थिति में, कंपनी की यात्रा की लागत और प्राप्तकर्ताओं के लिए लाभ दोनों उच्च है।

इसके अतिरिक्त, "संभावित" ग्राहक की उपस्थिति इस संभावना को उठाती है कि सरकार या लेखा परीक्षकों जैसे तीसरे पक्ष, इसे "रिश्वत" के रूप में यात्रा को संभावित ग्राहकों को आपके उत्पाद को खरीदने या आपसे अन्य अनुकूल बरताव करने के लिए अनुचित रूप से प्रभावित करने के उद्देश्य से देख सकते हैं। रिश्वत कानून सार्वजनिक अधिकारियों तक सीमित नहीं हैं; वे निजी लेनदेन पर भी आवेदन कर सकते हैं। चूंकि कभी-कभी यह निर्धारित करना कठिन होता है कि अनुचित भुगतान के विरुद्ध उचित उपहार क्या है, यात्रा या अस्थायी आवास के लिए गैर- RPM कंपनी कर्मचारियों को कोई भुगतान या प्रतिपूर्ति से पहले वे आपकी कंपनी या RPM के जनरल काउंसिल द्वारा अनुमोदित कीए जाने चाहिए।



**कुछ ऐसे कारक जिन पर सभी मामलों में विचार किया जा सकता है, भले ही कर्मचारी उपहार दे रहा है या प्राप्त कर रहा है:**

(1) क्या समाज का कोई बुद्धिमान, विवेकी व्यक्ति की नज़र में वह उपहार अत्यधिक महंगा है? यदि हाँ, तो उपहार की पेशकश नहीं की जानी चाहिए, अथवा उसे दिया या स्वीकारा नहीं जाना चाहिए।

(2) क्या समाज का कोई बुद्धिमान व्यक्ति मामले के इर्द-गिर्द की परिस्थितियों या उपहार को देने या पाने के अवसर को उपयुक्त मानेगा? यदि नहीं, तो उपहार की पेशकश नहीं की जानी चाहिए, अथवा उसे दिया या स्वीकारा नहीं जाना चाहिए।

(3) कर्मचारी या कंपनी और मोलतोल करने वाले पक्ष की संस्था या कर्मचारियों के बीच उपहारों के आदान-प्रदान की आवृत्ति क्या है? मामूली मूल्य वाले उपहारों का आदान-प्रदान यदि अत्यधिक आवृत्ति के साथ होता है तो इसे भी ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें समाज का कोई बुद्धिमान व्यक्ति उन लेनदेनों को किसी अनुपयुक्त उद्देश्य के लिए या प्राप्तकर्ता को भ्रष्ट तरीके से कार्य करने हेतु प्रभावित करने के उद्देश्य के लिए होता हुआ मानेगा।

# यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन औरमनोरंजन हेतु व्यापारिक भुगतानों के लिए बुनियादी दिशानिर्देश:

- किसी वैध व्यापारिक उद्देश्य से सीधे एवं आनुपातिक रूप से अवश्य जुड़े होने चाहिए।
- स्थानीय कानूनों द्वारा भुगतान अनुमत अवश्य होने चाहिए।
- किएगए एवं प्राप्त सभी भुगतानों को कंपनी के वित्तीय अभिलेखों में खुले रूप से एवं सविस्तार स्पष्ट अवश्य किया जाना चाहिए।
- किसी वैध व्यापारिक उद्देश्य से जुड़े यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन एवं मनोरंजन हेतु भुगतान करने के लिए केवल कॉर्पोरेट निधियों का उपयोग किया जा सकता है। अस्थायी आवास औरयात्रा भुगतानों को केवल तब ही अधिकृत किया जाता है यदि वे किसी वैध व्यापारिक उद्देश्य से संबंधित हों। (अस्थायी आवास औरयात्रा, तब तक उपहार नहीं हो सकते हैं जब तक कि उन्हें आपकी कंपनी के या RPM के जनरल काउंसिल द्वारा अग्रिम में तथा लिखित में अनुमोदित नकिया गया हो।)
- भोजन औरमनोरंजन उपहार बन सकते हैं यदि वे किसी वैध व्यापारिक उद्देश्य से संबंधित नहीं हैं। (तब उपहारों के नियम लागू होंगे)।
- भोजन, अस्थायी आवास, औरयात्रा के लिए किसी भी नकद प्रतिपूर्ति को नतो स्वीकारा जा सकता है औरनही दिया जा सकता है।
- व्यक्तियों को सीधे भुगतान देने या लेने से बचा जाना चाहिए। यदि किसी को यात्रा, भोजन, अस्थायी आवास, औरमनोरंजन व्ययों के लिए प्रतिपूर्ति की जा रही है तो आपकी कंपनी को व्यक्ति के नियोक्ता को प्रतिपूर्ति देनी चाहिए, औरवह व्यक्ति अपने नियोक्ता से प्रतिपूर्ति मांग सकता है। यदि प्रतिपूर्ति आपको दी जा रही है तो भी यही कार्यविधि लागू होती है।
- व्यक्तिगत उपहारों का भुगतान करने के लिए कॉर्पोरेट निधियों का उपयोग न करें। (ध्यान दें कि व्यक्तिगत संबंध अनिवार्य रूप से हितों का टकराव उत्पन्न करेगा जिसे उपयुक्त रूप से सूचित करना आवश्यक है।)




**यदि आपको इस बारे में कोई संदेह हो कि किसी उपहार या किसी व्यापारिक व्यय भुगतान को देना या पाना उपयुक्त है या नहीं तो आपकी ऑपरेटिंग कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से परामर्श करें।**

# प्र और उ

**प्र: मेरी कंपनी ने एक नया उत्पाद विकसित किया है और हम अपने प्राथमिक ग्राहकों के सामने अपने मौजूदा उत्पादों पर उसके फायदों का प्रदर्शन करना चाहते हैं। क्या हम उत्पाद के प्रदर्शन के लिए अपने खर्चे पर ग्राहकों को हवाई जहाज से हमारी इकाई तक ला सकते हैं?**
**उ:** निश्चित रूप से। आप यात्रा, अस्थायी नआवास, औरभोजन के लिए भुगतान कर सकते हैं, बशर्ते व्यय सीधे औरआनुपातिक रूप से आपके उत्पाद के प्रदर्शन से जुड़े हों या अन्य वैध व्यापारिक उद्देश्यों के लिए हों। यदि इस मानक की पूर्ति होती है तो भुगतान व्यापारिक व्यय हैं, उपहार नहीं।

**प्र: एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी ग्राहक की बिक्री प्रबंधक बिजनेस क्लास में उड़ानभरना चाहती है औरअपने पति को अपने साथ लाना चाहती है। मैं क्या करूं?**
**उ:** आपको उसकी यात्रा हेतु व्ययों को उन व्ययों के अनुपात में अवश्य बनाए रखना होगा जिनका भुगतान आपइसी प्रकार के आयोजनों के लिए सामान्यत: करते हैं। गैर-कर्मचारियों के यात्रा, अस्थायी आवास, भोजन औरमनोरंजन के व्ययों का वहन करते समय, केवल उतना ही वहन करें जितने की आप अपने कर्मचारियों के लिए सामान्यत: अनुमति देते हैं। यदि आपअपने प्रबंधकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बिजनेस क्लास की यात्रा का भुगतान करते हैं, तो आपअपने उन ग्राहकों के लिए, जो प्रबंधक हैं, बिजनेस-क्लास टिकट का भुगतान कर सकते हैं; अन्यथा आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। चूंकि पति/पत्नी की उपस्थिति आपके उत्पाद के प्रचार से सीधे तौर पर जुड़ी हुई नहीं है, कंपनी को उसकी यात्रा का भुगतान नहीं करना चाहिए। आप इस पर विचार कर सकते हैं कि उसके पति के यात्रा व्ययों का भुगतान करना उपहार नीति के मानकों की पूर्ति करेगा या नहीं, पर यात्रा औरअस्थायी आवास, हेतु सभी उपहारों का आपकी कंपनी या RPM के जनरल काउंसिल द्वारा अग्रिम अनुमोदन किया जाना आवश्यक है।

**प्र: प्र: हमारा उत्पाद प्रदर्शन केवल एक दिन चलता है, पर हमारे अधिकतर ग्राहक रात को भी रुक रहे हैं। क्या हम उन्हें हमारे खर्चे पर किसी बॉल गेम या किसी संग्रहालय में ले जा सकते हैं?**
**उ:** निश्चित रूप से। यात्रा, भोजन औरअस्थायी आवास, व्ययों की ही तरह, मनोरंजन व्ययों का भुगतान भी कंपनी द्वारा किया जा सकता है यदि वे उत्पाद के प्रदर्शन से सीधे तौर पर औरआनुपातिक रूप से जुड़े हुए हैं। हालाँकि, मनोरंजन व्ययों को अत्यधिक नहीं होना चाहिए औरउन्हें व्यापारिक उद्देश्य के साथ संबद्ध सामान्य व्ययों के अनुपात में रहना चाहिए।

**प्र: एक अन्य ग्राहक अपनी पत्नी को साथ लाया था, औरवे छुट्टी के लिए रुकना चाहते हैं। क्या हम उनके सप्ताह भर के बिल का भुगतान कर सकते हैं?**
**उ:** नहीं। आप उस रात के लिए भुगतान कर सकते हैं जिसमे आपके ग्राहक को आपके उत्पाद प्रदर्शनों के संबंध में रहने की आवश्यकता होगी। यदि सप्ताह भर का आने-जाने के टिकट व्यय की दर, उत्पाद के प्रदर्शन के लिए आवश्यक एक रात के टिकट व्यय की दर के समान है तो आप ग्राहक की पूरी टिकट के लिए भुगता कर सकते हैं। हालाँकि, आपके ग्राहक की पत्नी का टिकट के और उसके और उसकी पत्नी की अस्थायी आवास, भोजन, और मनोरंजन की अतिरिक्त रात्रियों के भुगतान उत्पाद प्रदर्शन से सीधे तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं, अत: इन व्ययों के भुगतान की तब तक अनुमति नहीं है जब तक कि उपहार के नियमों का कड़ाई से पालन ऐसे भुगतानों की अनुमति न देता हो।

जैसा कि ये उदाहरण दर्शाते हैं, शुरुआत में किसी वैध व्यापारिक उद्देश्य से सीधे तौर पर औरआनुपातिक रूप से जुड़ा व्यापारिक व्यय दिखने वाला व्यय, बड़ी तेजी से उपहार परिदृश्य का रूप ले सकता है। कोई भुगतान संभावित रूप से अत्यधिक महंगा हो सकता है और भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों औरहमारे मूल्यों एवं अपेक्षाओं के उल्लंघन में अनुपयुक्त भुगतान का रूप ले सकता है। ऐसी या इसी प्रकार की स्थितियों से सामना होने पर, आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से संपर्क करें औरभुगतान करने या व्ययों की प्रतिपूर्ति करने से पहले सलाह लें। किसी भी भुगतान का समर्थन करने वाले तथ्य और परिस्थितियाँ महत्वपूर्ण हैं। अत: यह परिदृश्य भी दर्शाता है कि वैध व्यापारिक व्ययों को उचित एवं पारदर्शी ढंग से पहचानना क्यों महत्वपूर्ण है।

## ऐसे ढंग से कार्य करें जो खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता हो


RPM औरहमारी कंपनियां व्यापार के सभी पक्षों में पूरी ताकत के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं पर ऐसा केवल नैतिकतापूर्ण औरजिम्मेदार ढंग से ही किया जाएगा। जिम्मेदार उद्यमी होने के नाते हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि बाजार में उत्पादों औरसेवाओं के लिए प्रतिस्पर्धा कायम व सुरक्षित रहे। RPM या उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों का कोई भी कर्मचारी कंपनी की ओरसे ऐसी कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है जो इस सिद्धांत का उल्लंघन करती हो। इसलिए, आपको किसी भी असंबद्ध कंपनी के साथ पारस्परिक सहयोग में कार्य नहीं करना चाहिए, अथवा ऐसे किसी एकपक्षीय आचरण में सलंग्न नहीं होना चाहिए जो अपमानजनक हो, प्रतिस्पर्धा को विकृत करता हो या निष्पक्ष वखुली प्रतिस्पर्धा के विरुद्ध हो।

यदि कभी भी आपको यह शक हो कि जो कार्रवाई आप करने जा रहे हैं वह जिम्मेदार उद्यमिता के हमारे सिद्धांत या किसी निष्पक्ष व्यापार व्यवहार, एकाधिकार-विरोधी (एंटीट्रस्ट) या प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करती है या नहीं, तो आपको आपकी ऑपरेटिंग कंपनि या RPM के कानूनी विभाग से सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

## प्र और उ

**परिदृश्य:** एक व्यापार प्रदर्शनि में भोजन के दौरान, मैं अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ बैठा था जो एक ऐसे आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करने के बारे में बात कर रहे थे जिसके साथ सौदा करना उन्हें पसंद नहीं है। मैंने उनसे कहा कि उन्हें आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बारे में बात नहीं करनी चाहिए औरफिर मैं दूर चला गया।

**आपका कर्तव्य:** आपने बिल्कुल ठीक किया। कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धियों के साथ ऐसी गतिविधियों की चर्चा नहीं करनी चाहिए जिनमें आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या कोई भी अन्य व्यक्ति, जिससे हम व्यपारिक लेनदेन करते हैं, शामिल हो। यदि किसी समान परिदृश्य का सामना करना पड़ता है, तो क्षेत्र छोड़ दें, दस्तावेज़ करें क्या हुआ और आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग को सूचित करें।



## प्रतिस्पर्धियों के साथ व्यवहार करने के दिशानिर्देश

प्रतिस्पर्धियों के साथ समझौते करने से बचें। यदि आप कीमतों, छूट, उत्पादन दरों, बोलियों या आपूर्तिकर्ताओं, अथवा अन्य चीजों के बारे में कोई व्यवस्था कररहे हैं तो आपहमारे मूल्यों औरअपेक्षाओं के तथा/या कानूनों के उल्लंघन में हो सकते हैं। यदि आपको लगता है कि ऐसा करने का कोई वैध व्यापारिक कारण उपस्थित है तो अपने पर्यवेक्षक या आपकी कंपनी के या RPM के कानूनी विभाग से बात कर इसे निश्चित करें।

**प्रतिस्पर्धात्मकता से जुड़े कुछ अन्य दिशानिर्देश इस प्रकार हैं।**

- व्यापार प्रदर्शनियों की सदस्यता या भागीदारी को अग्रिम में आपकी ऑपरेटिंग कंपनी द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। प्रदर्शनी या बैठक में वितरित सामग्रियों की प्रतियों को आपकी ऑपरेटिंग कंपनी की दस्तावेज प्रतिधारण नीतियों के अनुसरण में रखा जाना चाहिए।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ अनावश्यक अनौपचारिक संपर्क से बचें।
- यदि आप ऐसी किसी बैठक में हैं जहाँ प्रतिस्पर्धी कीमत-निर्धारण या ग्राहक जैसे विषयों पर चर्चा कर रहे हैं तो वहां से तत्काल निकल जाएं। इन विषयों के संबंध में अनौपचारिक चर्चाएं भी उल्लंघन मानी जा सकती हैं।
- आपकी कंपनी के कानूनी काउंसिल के अनुमोदन के बिना, व्यापार संघों में आँकड़े या अन्य जानकारियां जमा न कराएं।
- हालांकि प्रतिस्पर्धात्मक कीमत-निर्धारण अनुमति-योग्य है, पर प्रतिस्पर्धियों को बाजार से बाहर करने के लिए या बाहर करने के इरादे से अनुचित रूप से कम कीमतें (हिंसक मूल्य निर्धारण) न तय करें।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ के समस्त व्यापारिक उपक्रमों की समीक्षा आपकी कंपनी के कानूनी काउंसिल द्वारा की जानी चाहिए।
- ऐसे उत्पाद से बचें जो प्रतिस्पर्धीयों के उत्पादों के दिखावे, चिन्ह औरनाम के समान या उनसे भ्रमित रूप से समान दिखाई देते हों।
- प्रतिस्पर्धियों की निंदा न करें।



अखंडता
प्रतिबध्धता
जिम्मेदार उद्यमिता
नैतिक साहस

# ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के बीच संबंध के लिए दिशा-निर्देश



ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के बीच के संबंधों पर कई नियम और कानून लागू होते हैं और हम उन सभी को यहां शामिल नहीं कर सकते हैं। हालाँकि, व्यावहारिक ज्ञान को लागू किया जाना चाहिए। यदि कोई सौदा या कृत्य गलत मालूम पड़ता है तो संभवतः वह गलत है। यदि आप अनिश्चित हैं तो कानूनी काउंसिल से पूछें। यहां कुछ क्षेत्र दिए गए हैं जो चिंताएं उत्पन्न कर सकते हैं।

- किसी ग्राहक द्वारा अन्य आपूर्तिकर्ताओं के उत्पादों की संभालने पर, या उसके ग्राहकों के, कीमतों के या कहां बेचना है उन स्थानों के चयन पर नियंत्रण करने का प्रयास करते समय प्रतिस्पर्धा-रोधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आपकी कंपनी के कानूनी विभाग से पहले चर्चा किए बिना, किसी ग्राहक की विपणन गतिविधियों को सीमित/प्रतिबंधित करने का कोई प्रयास न करें।
- यद्यपि कुछ मामलों में, अनुबंध या व्यवस्था जिसमें आपकी कंपनी को विशेष उत्पाद खरीदने के लिए एक वितरक की आवश्यकता होती है, या विशेष रूप से एक RPM कंपनी, सहायक या सहयोगी से उत्पादों की एक पंक्ति को बारीकी से जांच की जानी चाहिए ताकि वे प्रतिस्पर्धा-रोधी कानूनों और नियमनों का अनुपालन कर सकें। ऐसी कोई भी व्यवस्था या अनुबंध करने से पहले कानूनी सलाह लें।
- किसी भी ग्राहक को कोई पदार्थ किसी विशिष्ट विक्रेता से उसी विक्रेता द्वारा बेचे जा रहे अन्य पदार्थों को ख़रीदने की शर्त पर ख़रीदने के लिए दबाव न डालें।
- किसी भी ऐसे ग्राहक से पक्षपात करने या उससे भिन्न व्यवहार करने से बचना चाहिए, जो किसी एक या अधिक अन्य ग्राहकों से प्रतियोगिता कर रहा हो। यदि कीमतें, रिबेट, छूट या बोनस भिन्न होते हैं, तो सुनिश्चित करें कि विविधताएं कानूनी रूप से उचित और दस्तावेज़ीकृत हैं। वास्तविक लागत बचत, मात्रा क्षमता, बैठक प्रतियोगिता या अन्य उद्देश्य कारणों से उचित होने पर कीमतों या बिक्री की अन्य शर्तों में अंतर की अनुमति दी जा सकती है।
- आम तौर पर, आपको उत्पादों या सेवाओं के साथ ग्राहकों को आपूर्ति करने से इंकार नहीं करना चाहिए। हालाँकि, आप किसी भी पक्ष से सौदा करने से इन्कार कर सकते हैं, यदि आपका निर्णय स्वतंत्रतापूर्वक लिया गया हो, आक्रामक होने के लिए लक्षित नहीं हो और किसी तृतीय पक्ष जैसे प्रतिस्पर्धी, विक्रेता या आपूर्तिकर्ताओं से व्यवस्था पर आधारित न हो। किसी ग्राहक से सौदा करने से इनकार करने या किसी ग्राहक को छोड़ने से पहले कानूनी सलाह प्राप्त करें।
- ग्राहकों से ऐसे निष्पादन का वादा कर उन्हें भ्रमित न करें जो आप जानते हैं या आपको शक है कि पूरा नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार उत्पादों या सेवाओं के बारे में ऐसे विज्ञापन या अभिवेदन करने से बचें जिन्हें प्रमाणों द्वारा सिद्ध न किया जा सकता हो।



यदि आपको हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं में से किसी का भी उल्लंघन होने का शक है तो कृपया अपने पर्यवेक्षक, आपकी कंपनी के या RPM के कानूनी विभाग को सूचित करें या अपनी चिंता हॉटलाइन के जरिए दर्ज कराएं।

# प्र और उ

**प्र: मेरे पास तीन वितरक हैं जो अक्सर मेरे क्षेत्र में एक ही परियोजना के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मेरे उन सभी के साथ अच्छे संबंध हैं। यह एक छोटा सा बाजार है, और हर कोई जानता है कि प्रतिस्पर्धीयों स्थानीय परियोजनाओं के लिए कौन हैं।**


**वितरक मुझे कुछ बड़ी परियोजनाओं के लिए विशिष्ट मूल्य निर्धारण का पूछते हैं। मैं अपने बिक्री क्षेत्र का प्रबंधन करने में बहुत व्यस्त हूं, इसलिए मैं अक्सर एक ही परियोजना मूल्य निर्धारण ईमेल सभी तीन वितरकों को भेजता हूं। कभी-कभी, उनमें से एक मुझे अपना मार्क-अप बताता है और पूछता है, "मैं कैसे कर रहा हूं?" अन्य वितरकों की तुलना में। मुझे क्या कहना चाहिए?**

**उ:** कीमतों या रिग बोलियों को ठीक करने के लिए प्रतिस्पर्धीयों के बीच समझौते अवैध हैं और इसके लिए अपराध के रूप में मुकदमा चलाया जा सकता है। भले ही आप अपने वितरकों के प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, क्योंकि आप उन तीनों के साथ परियोजना मूल्य निर्धारण के बारे में एक ही ईमेल पर संवाद करते हैं, जिसके लिए वे सभी बोली लगा रहे हैं, तो यह माना जा सकता है कि आप प्रतिस्पर्धी कंपनियों के बीच मूल्य चर्चा की सुविधा दे रहे हैं । विशिष्ट परियोजनाओं पर चर्चा करते समय, हमेशा प्रत्येक वितरक के साथ व्यक्तिगत रूप से संवाद करें। एक ही मूल्य निर्धारण ईमेल को एकाधिक वितरकों को भेजने से बचें। जब आपका वितरक आपको "वह कैसे कर रहा है" पूछता है, तो हो सकता है वह उसी परियोजना पर अपने प्रतिस्पर्धियों द्वारा दी जाने वाली कीमतों, बोलियों या अन्य व्यावसायिक शर्तों के बारे में आपके साथ अवैध बातचीत शुरू कर रहा है। आप उस जानकारी को उसके साथ साझा नहीं कर सकते हैं।

# प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय व्यक्तियों एवं संस्थाओं के साथ व्यापारिक लेनदेन करें

जब लोग आपराधिक गतिविधियों से प्राप्त धनराशि को “वैध” व्यावसायिक लेनदेनों के माध्यम से उन स्रोतों की पहचान, स्रोत या गंतव्य को प्रकट न करते हुए या उन्हें वैध दर्शाते हैं, तो इसका परिणाम अवैध धन को वैध बनाने के रूप में होता है। हमारी कंपनी केवल सत्यापित और प्रतिष्ठित ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं, जो वैध तथा भ्रष्टतामुक्त व्यापारिक अभ्यास में संलग्न हो, उनके साथ ही व्यापार करेगी। हमें RPM के व्यापार और तीसरे पक्ष के यथोचित परिश्रम नीतियों का पालन करने और जिनके साथ हम व्यापारिक लेनदेन करते हैं उनके बारे में जानकारी करने के लिए हम सभी को कदम अवश्य उठाने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो कि कंपनी के लाभ के लिए तृतीय पक्षों द्वारा किए गए सभी कृत्य the Value of 168 और उसके अंतर्निहित मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

यदि आपको इस बारे में शक हो कि कोई ग्राहक या आपूर्तिकर्ता आपकी कंपनी के साथ व्यापार करने के लिए अनुचित ढंग से प्राप्त निधियों का इस्तेमाल कर रहा है तो उस व्यक्ति या संस्था के साथ लेनदेन पूरा करने से पहले आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से परामर्श करें।



**ये अवैध धन को वैध बनाने के खिलाफ ऐसे ख़तरे के संकेत बताते हैं कि कम-से-कम अतिरिक्त जाँच आवश्यक है।**

- वे खरीद या बिक्री जो ग्राहक के कारोबार या व्यवसाय की प्रकृति के लिए असामान्य हों
- असामान्य भुगतान विधियाँ, जैसे बड़े नकद भुगतान या एकाधिक मनी-आर्डर
- ग्राहक या आपूर्तिकर्ता द्वारा अत्यधिक गोपनीयता बनाने का प्रयास या पूर्ण जानकारी प्रदान करने के अनिच्छुक होना, या ग़लत जानकारी देना
- लेनदेन जो रिपोर्टिंग आवश्यकताओं (जैसे 10,000 डॉलर से कम राशि के व्यवहारों की श्रृंखला) को टालने के लिए बनाए गए लगते हों
- असामान्य रूप से जटिल सौदा प्रकृति
- स्पष्ट व्यावसायिक उद्देश्य के बिना भुगतान विधियाँ
- असामान्य रूप से अनुकूल भुगतान शर्तें
- बाहरी देशों से या तृतीय पक्ष से लेनदेन से संबंधित स्थानांतरण

# वैध व्यापार और सीमा पार से लेनदेन सुनिश्चित करें

## माल और सेवाओं के आयात/निर्यात

अमेरिकी सरकार व्यापार नियंत्रण कानून (आयात, निर्यात और विरोधी बहिष्कार सहित) हम सभी पर लागू होते हैं क्योंकि RPM संयुक्त राज्य अमेरिका में निगमित हुआ है। आप ऐसे किसी व्यक्ति या कंपनी के साथ व्यापार नहीं कर सकते हैं जो उत्तरी कोरिया, ईरान, सीरिया या यूक्रेन के क्राइमिएन क्षेत्र में है या आपके पास उसके इनमें से किसी देश में हो सकने पर विश्वास करने का कारण है। क्यूबा या सूडान में किसी भी लेनदेन के लिए RPM के कानूनी विभाग से पहले अनुमोदन की आवश्यकता है। यू.एस. व्यापार नियंत्रण कानूनों के अलावा, सभी ऑपरेटिंग कंपनियों को उन सभी स्थानीय कानूनों का पालन करना होगा जो उनके सीमा पार से लेनदेन के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं, जिसमें उन देशों के कानून शामिल हैं जिनके माध्यम से उनके उत्पादों या सेवाओं का निर्यात, आयात या परिवहन किया जाता है।

ये कानून विशिष्ट उत्पादों, उत्पाद उपयोग, इच्छित उपयोग, अंतिम उपयोगकर्ताओं या इनमें से किसी भी संयोजन से जुड़े व्यापार को प्रतिबंधित कर सकते हैं, भले ही पूर्ण निषेध अनिवार्य नहीं है। नतीजतन, प्रत्येक RPM कंपनी एक ऐसी प्रक्रिया की स्थापना के लिए जिम्मेदार है जो उसकी प्रासंगिक व्यापार नियमों की समझ और अनुपालन सुनिश्चित करें जो उसके उत्पादों और सेवाओं के सीमा-पार हस्तांतरण को प्रभावित कर सकतें है।

## बहिष्कार-रोधक कानून

कार्मिकों को इज़राइल के बहिष्कार का समर्थन करने वाली भाषा, जिसका हम अनुपालन करने की सहमति नहीं दे सकते, वह पहचानने के लिए सभी दस्तावेजों और पत्रव्यवहार, विशेष रूप से साखपत्र एवं शिपिंग निर्देश की समीक्षा करनी चाहिए। इज़राइल के साथ या वहां व्यापार न करने के अथवा जाति, धर्म, लिंग, राष्ट्रीय मूल या राष्ट्रीयता के आधार पर किसी के विरुद्ध भेदभाव करने के अनुरोध पर सहमति नहीं दी जा सकती है, अथवा उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है और उसकी सूचना RPM के कानूनी विभाग को त्रैमासिक बहिष्कार-विरोधी रिपोर्टिंग प्रपत्र पर अवश्य दी जानी चाहिए।

## केवल उन लोगों के साथ लेनदेन करें जो RPM के 168 की मूल्यों और अपेक्षाओं के सिद्धांतों का पालन करते हैं

हम केवल सीमा शुल्क दलालों, एजेंटों, बिक्री प्रतिनिधियों, वितरकों या अन्य मध्यस्थों के साथ अनुबंध करेंगे जो RPM और इसकी कंपनियों को सभी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करने और उनकी सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आप ऐसे किसी पक्ष के साथ, या ऐसे किसी ढंग से व्यापार नहीं कर सकते हैं जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका के, यूरोपीय संघ के या स्थानीय कानूनों में प्रतिबंधित किया गया है। हमारी कंपनियां तृतीय पक्षों को हमारी ओर से इन कानूनों और विनियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दे सकती हैं। इसलिए, व्यापार करने से पहले, और RPM के व्यापार और तृतीय पक्ष के यथोचित परिश्रम नीतियों के अनुसार, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति या कंपनी जिसके साथ आप व्यवसाय कर रहे हैं (1) RPM के 168 की मूल्यों और अपेक्षाओं में उल्लिखित सिद्धांतों का पालन करता है, और (2) एक प्रतिबंधित पक्ष नहीं है या एक प्रतिबंधित देश में हमारे लाभ के लिए परिचालन नहीं कर रहा है। किसी भी देश, संगठन या व्यक्ति के साथ व्यवसाय करने के बारे में आपकी चिंता होने पर आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से परामर्श लें।



**सम्मानित व्यक्तियों और संस्थाओं, या व्यापार अनुपालन कानूनों और विनियमों के संबंध में लेनदेन की जानकारी और मार्गदर्शन के लिए, कृपया RPM के व्यापार और तृतीय पक्ष के यथोचित परिश्रम नीतियों का संदर्भ लें या आपकी कंपनी या RPM के कानूनी विभाग से परामर्श लें। RPM का व्यापार और तीसरे पक्ष के यथोचित परिश्रम नीतियां https://www.rpminc.com/vepolicies/ पर मिल सकती हैं**



## संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देने और उन्हें ठीक करने का

# नैतिक साहस

**हॉटलाइन:**

- **आपके स्थान के हॉटलाइन नंबर आपके कार्यस्थान के आस-पास पोस्ट किए गए हैं।**
- **जहाँ आप कार्य करते हैं उस देश पर लागू होने वाले हॉलाइन फोन नंबर www.rpminc.com/hotline/ इस पर भी मिल सकते हैं।**
- **आप https://iwf.tnwgrc.com/rpminternational पर रिपोर्ट दर्ज करके हॉटलाइन को लिखित में भी सूचित कर सकते हैं।**

### प्रतिशोध के भय के बिना, संदिग्ध उल्लंघनों की सूचना देना एवं उन्हें सुधारना आपका कर्तव्य है और आपको ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस स्थिति का सामना कर रहे हैं, हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं की मांग है कि हम सभी संपूर्ण ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। कर्मचारियों के रूप में, हम सभी लागू कानूनों, कंपनी नीतियों और व्यापारिक मानकों का अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार हैं। हमेशा सही चीज, सही ढंग से और सही वजह से करने की आपकी प्रतिबद्धता हमारी कंपनी को और आपकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को मजबूत बनाएगी। सुरक्षा, नैतिकता के मुद्दों, या कानून के पालन के संबंध में पूछताछ करने या अपनी चिंताएं व्यक्त करने से कभी न डरें।

किसी भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी को कानून या हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं के संदिग्ध उल्लंघन की सूचना सद्भावना के साथ देने या सुधारने के लिए प्रतिशोध की कार्रवाई के अधीन नहीं लाया जाएगा। कोई भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट किए जाने या उसे ठीक करने वाले के लिए प्रतिशोध, बदले या दंड की कार्रवाई में लिप्त होता है तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निष्कासन भी शामिल हो सकता है।

हमने हॉटलाइन नंबरों और वेब-आधारित रिपोर्टिंग विधि की व्यवस्था की है जिनके जरिए आप ऐसे किसी भी देश, जहाँ हमारे संचालन हैं, उन में प्रतिशोधी कार्रवाई के भय के बिना, उल्लंघनों की सूचना आसानी से दे सकते हैं।

यदि कभी भी आपको यह संदेह हो कि किसी चीज की सूचना देनी है या उसे सुधारना है या नहीं तो, जोख़िम न लेते हुए सुरक्षित रास्ता चुनें, और कई उपलब्ध विधियों में से किसी का भी उपयोग करते हुए हमारी कंपनी में किसी को सूचित करें। किसी संदिग्ध उल्लंघन की सूचना देने में विफल रहने या उसके सुधार में सहयोग न देने से, अनैतिक, असुरक्षित या बेईमानीपूर्ण तौर-तरीके जारी रह सकते हैं, जिससे देखा जाए तो असल में आप हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं के उल्लंघनों को सुगम बनाने वाले व्यक्ति हो जाएंगे। इसलिए, किसी उल्लंघन की सूचना देने में विफल रहना या उसके सुधार में सहयोग न करना अपने आप में हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं का उल्लंघन है।

### हॉटलाइन की बुनियादी बातें

- हॉटलाइन कॉल एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष सेवा द्वारा संचालित की जाती हैं और ध्वनि रिकॉर्ड नहीं होते हैं।
- बशर्ते कि स्थानीय कानून बेनामी रिपोर्टिंग को प्रतिबंधित नहीं करता हो, तब तक आपको अपनी पहचान बताने की जरूरत नहीं जब तक आप न चाहें।
- आपको निर्देश मिलेंगे जिसमें आपको आपकी रिपोर्ट के बारे में स्थिति अपडेट या अतिरिक्त निर्देश पाने के लिए हॉटलाइन से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया होगा।
- यदि आप बेनाम बने रहने का निर्णय करते हैं तो कृपया ध्यान रखें कि संभव है कि आपकी चिंताएं तब तक हल न हो पाएं जब तक कि आरोपों को वैध प्रामाणित करने वाले स्वतंत्र तथ्य न उपस्थित हों।
- प्रतिशोधी कार्रवाई कड़े तौर पर प्रतिबंधित है।
- हॉटलाइनों के जरिए क्या रिपोर्ट किया जा सकता है इस पर कुछ गैर-अमेरिकी देश प्रतिबंध लगा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.rpminc.com/hotline/ पर जाएँ।

## अपनी चिंताओं की सूचना देने के तरीके

- अपने पर्यवेक्षक से बात करें या उन्हें ईमेल भेजें।
- यदि आप अपनी चिंताओं के बारे में अपने ठीक ऊपर के पर्यवेक्षक से बात करने में असहज हैं तो आप किसी अन्य पर्यवेक्षक, RPM के किसी अन्य व्यक्ति या मानव संसाधन के किसी अन्य व्यक्ति से बात कर सकते हैं या उसके पास अपनी चिंताएं लिखित में दर्ज करा सकते हैं या ईमेल से भेज सकते हैं। RPM के अनुपालन से संबंधित संपर्क सूचियां https://www.rpminc.com/vepolicies/ पर मिल सकती हैं
- यदि आप RPM की ऑपरेटिंग कंपनियों में से किसी में हैं तो आप सीधे आपकी ऑपरेटिंग कंपनियों के कानूनी काउंसिल या अनुपालन प्रतिनिधि से बात कर सकते हैं या उन्हें लिखित में या ईमेल भेज कर अपनी चिंताएं स्पष्ट कर सकते हैं।
- सभी स्थानों पर हॉटलाइन (फोन और वेब-आधारित रिपोर्टिंग) उपलब्ध है और कई देशों में हॉटलाइन रिपोर्ट बेनामी रूप से दी जा सकती है। हॉटलाइन का उपयोग करने संबंधी निर्देश RPM और सभी ऑपरेटिंग कंपनी स्थानों पर लगे हुए पोस्टरों में तथा www.rpminc.com/hotline/ पर वर्णित हैं।

# प्र और उ

**प्र: क्या मुझे किसी संदिग्ध चीज की सूचना देनी चाहिए, वह भी तब जब मैं पूरी तरह से निश्चित नहीं हूँ कि मैंने जो देखा वो सचमुच में गलत था?**
**उ:** बिल्कुल सही है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम RPM, साथी कर्मचारियों, अन्य हितधारकों और कंपनी आस्तियों की सुरक्षा करें। सद्भावना से दी गई सूचना दर्शाती है कि आप अपने दायित्वों से अवगत हैं और उन्हें समझते हैं।

**प्र: लेकिन मुझे डर है कि मुझे निकाल दिया जाएगा?**
**उ:** यदि बाद में यह निश्चित हो कि कोई उल्लंघन नही हुआ था, तो भी आपने अपनी वैध चिंताओं की सूचना देकर बिल्कुल सही कार्य किया है। अच्छे विश्वास में चिंता की रिपोर्ट करने के लिए कोई भी आपके खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई नहीं कर सकता है और प्रतिशोध का कोई भी रूप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### हम सभी को सभी जांच के साथ सहयोग करने में रुचि है



कानून या हमारे मूल्यों और अपेक्षाओं के किसी भी उल्लंघन की समस्त सद्भाव से की रिपोर्ट पर उपयुक्त अन्वेषण किया जाएगा। किसी जारी अन्वेषण के मामले में, हमेशा निम्नलिखित ढंग से व्यवहार करें।

- जिस स्थिति का अन्वेषण हो रहा है उससे संबंधित जानकारियां संरक्षित रखें। किसी भी दस्तावेज या जानकारी को नष्ट करना या उसे छिपाना सख्त तौरपर प्रतिबंधित है।
- यदि आपका साक्षात्कार किया गया है या दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है, तो सही और पूर्ण जानकारी दें।
- अन्वेषण दल द्वारा अग्रिम अनुमोदन लिए बिना अन्वेषणाधीन मामलों पर चर्चा न करें, बशर्ते कानून द्वारा अन्यथा आवश्यक या अनुमत किया गया हो।

यदि किसी अन्वेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि दुराचरण हुआ था तो हमारी कंपनी लागू कानूनों से सुसंगत सभी उपयुक्त कदम उठाएगी। इसमें उपयुक्त प्राधिकरणों के उल्लंघनों की सूचना देना, अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करना, नीतियों और कार्यविधियों में परिशोधन करना और निष्कासन सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल हो सकती है। गैरकानूनी दुराचरण में संलग्न व्यक्ति नागरिक या आपराधिक अभियोजन के अधीन हो सकता है।

RPM के 168 के मूल्यों और अपेक्षाओं का पालन करने के लिए हमारे कर्मचारियों की निरंतर प्रतिबद्धता उन उद्यमियों के रूप में RPM की विरासत को मजबूत करेगी जो सभी का महत्व बढ़ाएगा।

अखंडता
प्रतिबध्धता
जिम्मेदार उद्यमिता
नैतिक साहस

**हॉटलाइन:**

- **आपके स्थान के हॉटलाइन नंबर आपके कार्यस्थान के आस-पास पोस्ट किए गए हैं।**
- **जहाँ आप कार्य करते हैं उस देश पर लागू होने वाले हॉलाइन फोन नंबर www.rpminc.com/hotline/ इस पर भी मिल सकते हैं।**
- **आप https://iwf.tnwgrc.com/rpminternational पर रिपोर्ट दर्ज करके हॉटलाइन को लिखित में भी सूचित कर सकते हैं।**

**2628 Pearl Road • Medina, Ohio 44256**
**www.rpminc.com**
**1-330-273-5090**

**इन मूल्यों और अपेक्षाओं की उपयुक्तता**

RPM, उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों और उसकी सहायक कंपनियों के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को इस मार्गदर्शिका में स्पष्ट किए गए मूल्यों और अपेक्षाओं का अनुपालन अवश्य करना है। RPM और उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों और उसकी सहायक कंपनियों के सभी अधिकारियों और निदेशकों को RPM की प्रबंधन नीतियों का अनुपालन भी अवश्य करना है। इस मार्गदर्शिका के अद्यतित इलेक्ट्रॉनिक संस्करण यहां उपलब्ध हैं www.rpminc.com/about-rpm/worldwide-code-guidelines/।

**स्पष्टीकरण, अधित्याग**

RPM International Inc. के निदेशक मंडल अभिशासन एवं मनोनयनकारी समिति 168 के मूल्यों एवं अपेक्षाओं की व्याख्या और उसे अनुप्रयोग के लिए उत्तरदायी है तथा इस मार्गदर्शिका को RPM की व्यापारिक आचार एवं नैतिकता संहिता के रूप में अनुमोदित करती है तथा, प्रासंगिक स्थानीय कानूनों द्वारा यथा-आवश्यक समीक्षा, कार्यान्वयन दिशा-निर्देशों एवं अनुमोदनों के अधीन, यह सभी कर्मचारियों और इसके वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों पर लागू होती है। समय-समय पर, कंपनी कुछ प्रावधानों का अधित्याग कर सकती है। कंपनी के निदेशकों, कार्यकारी अधिकारियों या वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों के लिए इन प्रावधानों का अधित्याग केवल निदेशक मंडल या संचालन और मनोनयनकारी समिति द्वारा किया जाएगा और एसईसी या न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज नियमों की आवश्यकता के अनुसार तुरंत प्रकट करना आवश्यक है। अन्य कर्मचारियों के लिए अधित्याग का कोई अनुरोध RPM मुख्यालय के जनरल काउंसिल को लिखित में प्रस्तुत करना होगा। अनुमोदन भी लिखित में होने चाहिएं और अधित्याग की आवश्यक कार्रवाई से पहले प्राप्त करना चाहिए।

**भ्रष्टाचार-रोधक**

इस गाइडबुक के पेज 21-27 विशिष्ट भ्रष्टाचार-रोधक प्रथाओं और नियंत्रणों को संबोधित करते हैं, और इस प्रकार, बिना किसी संशोधन के RPM की भ्रष्टाचार विरोधी नीति को यादगार बनाते हैं।

The Value of 168 का पंजीकृत ट्रेडमार्क है RPM International Inc.

Convero द्वारा प्रकाशित
835 Sharon Drive, Suite 200, Westlake, OH 44145
1-440-250-7000 | www.converoinc.com

168